# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 312 । भोपाल, शनिवार 11 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए










## सार-समाचार

### भाजपा आज जारी करेगी घोषणा पत्र, नड्डा आएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी कल पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा की उपस्थिति में अपना घोषणा पत्र जारी करेगी। पार्टी ने अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र नाम दिया है। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार इस दौरान अध्यक्ष श्री नड्डा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पार्टी महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेन्द्र खटीक, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा उपस्थित रहेंगे।

### मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

**इंफाल, एजेंसी।** हिंसाग्रस्त मणिपुर में शुक्रवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क उठी। शुक्रवार सुबह चुराचांदपुर, बिष्णुपर और काकचिंग जिले की सीमा पर कुकी और संदिग्ध मैतेई बदमाशों वॉलंटियरों के बीच भीषण गोलीबारी की खबर है। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। सुरक्षाबलों को इस मुठभेड़ को लेकर सतर्क कर दिया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, चुराचांदपुर, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों की सीमा पर स्थित सामान्य क्षेत्र लीसेंटमपाक तांगजेंग लाइकोन में भीषण गोलीबारी हुई।

### जम्मू कश्मीर में हिमपात, बारिश के कारण सड़कें बंद

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के ऊंचे इलाकों में शुक्रवार को हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में तेज बारिश हुई जिसके कारण कयी सड़कें बंद हो गईं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि राजदान दर्रा, पीर की गली, जोजिला दर्रा, सिंथन टॉप, सोनमर्ग, गुलमर्ग, दूधपथरी, कुलगाम और माछिल सहित कश्मीर घाटी के ऊंचे इलाकों में हिमपात हुआ, जबकि मैदानी इलाकों में तेज बारिश हुई। हिमपात के कारण राजदान दर्रा, जोजिला दर्रा, किश्तवाड़-अनंतनाग रोड, दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले को जम्मू के राजौरी और पुंछ जिलों से जोड़ने वाली मुगल रोड, कुपवाड़ा में फिरकियान गली, माछिल और श्रीनगर-सोनमर्ग रोड समेत कई सड़कों पर यातायात बंद हो गया।

### भारत-बांग्लादेश की नौसेना ने किया सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नौसेना और बांग्लादेश नौसेना के बीच बोंगोसागर-23 सैन्य अभ्यास हुआ। जिसका आयोजन सात नवम्बर से नौ नवम्बर तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया गया था। दोनों नौसेनाओं ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास संयुक्त गश्त की। साथ ही अंतरसंचालनीयता बढ़ाने के लिए समुद्री अभ्यास किया। इसके अतिरिक्त 7 से 9 नवंबर तक बंगाल की उत्तरी खाड़ी में 'भारतीय नौसेना और बांग्लादेश नौसेना संयुक्त गश्ती' का पांचवा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें दोनों नौसेना इकाइयों ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के साथ संयुक्त रूप से गश्त की।

# इसरो ने जारी की तस्वीर : 824 किमी की ऊंचाई से रोशन दिखा भारत

- तकनीक के जरिए हटाए बर्फ व बादल
- इसरो चीफ बोले, जहां रोशनी ज्यादा, वहां आबादी ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रकाश के एक सूत्र में बंधी यह तस्वीर हमारे एकता के संदेश को और ताकत देती है, और यह कहती है कि हमारा रंग-रूप, धर्म-संप्रदाय और भौगोलिक स्थितियां भले अलग-अलग हों, पर हम एक हैं। 5 दिन चलने वाले दीपोत्सव से ठीक पहले इसरो ने रात की यह विशेष तस्वीर जारी की।

### वो इलाके जो हो रहे रौशन

दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई कोलकाता, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, जयपुर सहित देश के प्रमुख शहर राष्ट्रीय और कई छोटे कर और ग्रामीण इलाके नी से चमक रहे हैं। यह इन इलाकों के ज्यादा जनसंख्या पनत्व और प्रमुख गलियारों को सटीक तरीके से दर्शा रहा है।

### वो इलाके जो अंधेरे में हैं

देश के सबसे बड़े क्षेत्रफल वाले राज्यों में शामिल मध्य प्रदेश और राजस्थान में वन क्षेत्र, रेगिस्तान, पहाड़ी इलाके, झील, नदियां ज्यादा हैं। इसलिए यहां अंधेरा दिखता है। जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों



में बहुत धुंधली रोशनी से पता चलता है कि कई इलाकों में बहुत कम आबादी है। दीपावली से ठीक पहले से 7 से 8 नवम्बर को 824 किमी की ऊंचाई से ली गई भारत की इन तस्वीरों को इसरो के हैदराबाद में बने नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) ने तैयार किया है। रोज पूरी धरती की रात की तस्वीरें नासा/ एनओएए सुओमी नेशनल पोलर-ऑर्बिटिंग पार्टनरशिप संयुक्त अभियान में तैनात विजिबल इंफ्रारेड इमेजिंग रेडियोमीटर (वीआईआईआरएस) उपकरण (कैमरे) से ली जाती है। दुनियाभर में इन इमेजेज को अर्थ सिस्टम साइंस के अध्ययन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। एनआरएससी ने इस स्पेशल इमेज को तैयार करने के लिए वीआईआईआरएस से मिली इमेजेज में चंद्रमा की रोशनी, बादल, एयरोसोल और पहाड़ों की बर्फ के रिफ्लेक्शन को बहुत सावधानीपूर्वक ठीक किया, तब यह सामने आई।

### सतना, बड़वानी की चुनावी सभा में बोले राहुल

# जनगणना के मुद्दे पर नहीं बोलते मोदी

**सतना/बड़वानी, देशबन्धु।** कांग्रेस सांसद और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश में गरीब ही एकमात्र जाति होने वाले बयान पर हमला बोलते हुए आज कहा कि उन्होंने जैसे ही जातिगत जनगणना की बात शुरु की, श्री मोदी के दिमाग से जाति गायब हो गई।

श्री गांधी ने सतना और बड़वानी में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं में कहा कि प्रधानमंत्री कुछ दिन पहले कह रहे थे कि हिंदुस्तान में गरीब ही एकमात्र जाति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दिमाग से जाति इसलिए गायब हो गई क्योंकि उन्होंने जाति जनगणना की बात शुरु कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश को सच्चाई नहीं बताना चाहते। वो किसी भी भाषण में जाति जनगणना की बात नहीं कर सकते। उनका रिमोट अदाणी के हाथ में है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि हिंदुस्तान में कम से कम 50 फीसदी जनसंख्या ओबीसी वर्ग की है और दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनते ही जाति जनगणना होगी। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा ने मध्यप्रदेश की नींव किसान, मजदूर, बेरोजगार, युवा और छोटे दुकानदारों को खत्म कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में 18 साल में 18 हजार किसानों ने कर्ज के कारण आत्महत्या की है। भाजपा अरबपतियों को पैसा देती है। प्रदेश में किसान और मजदूर डरे हुए हैं क्योंकि यहां अर्थव्यवस्था का इंजन चालू नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पिछली बार मध्यप्रदेश में कर्जमाफी की थी। फिर अरबपतियों ने श्री मोदी और श्री चौहान से मिल कर सरकार चोरी कर ली। उन्होंने कहा कि उन्होंने कर्नाटक और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों से साफ कहा है कि जितना पैसा भाजपा ने अदाणी और अरबपतियों को दिया है, उतना कांग्रेस सबसे गरीब लोगों को देने जा रही है। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के संदर्भ में कहा कि इस दौरान उन्होंने देखा कि जहां भी भाजपा सरकार थीं, सब जगह बेरोजगारी थी।



#### मप्र में 53 अधिकारी चला रहे सरकार, इनमें मात्र 1 ओबीसी

राहुल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार को विधायक नहीं, अधिकारी चलाते हैं। मध्यप्रदेश को 53 अधिकारी चलाते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने पता लगाया है कि इनमें से मात्र एक अधिकारी ओबीसी है। राज्य में ओबीसी की आबादी 50 फीसदी है, पर भागीदारी 100 रूपए में से 33 पैसा है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि इसके बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहते हैं कि राज्य में ओबीसी की सरकार है।

### शिवराज ने की 11 सभाएं, कांग्रेस नेताओं पर साधा निशाना, कहा-

# राहुल मिस गाइडेड मिसाइल हैं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कांग्रेस ने अपने 15 महीने के शासनकाल के दौरान कल्याणकारी योजनाओं पर ताला लगवा दिया था। जनहित की योजनाओं पर ताला लगाने वाली कांग्रेस पर मतदाता ताला दें। उन्होंने राहुल गांधी को दोहरे चरित्र वाला मस गाइडेड मिसाइल बताया।

श्री चौहान ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में कोतमा, अनूपपुर, मण्डला, बैहर, बालाघाट, परसवाड़ा, वारासिवनी, कटंगी, सीहोरा, भोपाल उत्तर और भोपाल मध्य विधानसभा समेत लगातार 11 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि, ये छीनने वाले लोग हैं, अभी लुभावने वादे करने आएंगे। उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी तो दोहरे चरित्र वाले नेता है, तुमने कहा, किसानों का कर्ज माफ करेंगे लेकिन किसानों को तुमने डिफाल्टर बना दिया। उन्होंने कहा कि तुम नारी सम्मान की बात करते हो लेकिन तुम्हारे नेता रोज माता, बहन और बेटी का अपमान करते हैं। नीतीश कुमार अमर्यादित बयान देते हैं और तुम्हारे मुंह में ताला लगा रहता है। तुम भ्रष्टाचार की बात करते हो लेकिन भूपेश बघेल जैसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री के गले में हाथ डालकर घूमते हो। तुम तो मिस गाइडेड मिसाइल हो राहुल गांधी, तुम कहते कुछ हो और करते कुछ हो।



श्री चौहान ने प्रियंका-राहुल और कांग्रेस को लेकर कहा कि, मैं तो भैया और मामा हूँ अब कांग्रेस को मामा शब्द से भी बड़ी आपत्ति होने लगी है। बच्चें मुझे मामा कहते हैं तो प्रियंका और राहुल गांधी जलते हैं, इनको लगता है कि, बच्चें इन्हें क्यों मामा कहते हैं। कल प्रियंका जी कह रही थीं कि, मामा तो कंस भी थे, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि, प्रियंका जी इन रिश्तों की बारीकी को तुम नहीं समझोगी। मैं जहां से गुजरता हूँ छोटे-छोटे बच्चे मुझे मामा.. मामा कहकर पुकारते हैं उनको पता ही नहीं है कि, मुख्यमंत्री क्या होता है उन्हें तो सिर्फ ये पता है कि यह दुबला-पतला आदमी हमारा मामा है, लेकिन यह रिश्ते राहुल, प्रियंका तुम्हारी समझ में नहीं आ सकते ये अंतरात्मा के रिश्ते हैं। श्री चौहान ने कहा कि, कांग्रेस ने सवा साल में ही सभी जनकल्याणकारी योजनाएं बंद कर दी थी। संबल योजना बंद कर दी। बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के पैसे बंद कर दिए। हम बच्चों को अच्छे अंक लाने पर लैपटॉप देते थे इन्होंने वो भी बंद कर दिए।

### हरसूद, मांधाता और खंडवा की जनसभाओं में बोले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

# खंडवा को औद्योगिक क्लस्टर बनाएंगे



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने जीत का दावा करते हुए कहा कि भाजपा की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है, महज 6 दिन बचे हैं, उसके बाद सत्ता बदलने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग अगर कांग्रेस पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं को दबाने का प्रयास करेंगे तो उनका भी हिसाब किया जाएगा,किसी पर अत्याचार कांग्रेस सरकार में नहीं चलेगा, कांग्रेस गरीब, किसान, बेरोजगारों और महिलाओं सहित अन्य वर्गों के हित मे काम करेगी। कमलनाथ ने आज हरसूद, मांधाता और खंडवा की जनसभा को सम्बोधित किया। कमलनाथ ने कहा कि नौजवानों के भविष्य की जिम्मेदारी अब कमलनाथ की है, कांग्रेस की सरकार बनने पर हम खंडवा को औद्योगिक क्लस्टर बनाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि आप मुझे यह मौका जरूर देंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में किसान बिना खाद और बीज के, युवा बिना रोजगार के और महिलाएं बिना सुरक्षा के हैं तो फिर शिवराज सिंह चौहान किस काम के हैं। उन्होंने कहा कि सरकार आने पर हम महिलाओं को 15सौ रूपये महीने देने का काम करेंगे और 5सौ रूपये में गैस सिलेंडर देने का काम करेंगे। कमलनाथ ने कहा कि रवि की फसल के समय आज किसान खाद के लिए भटक रहा है। हमने अपनी 15 महीने की सरकार में अपनी नीति और नियत का परिचय देते हुए पहले ही किस्त में 27 लाख किसानों का कर्ज माफ किया और खंडवा जिले में हमने 58 हजार किसानों का 260 करोड़ रूपये का कर्जा माफ़ किया।

### सुप्रीम कोर्ट की पंजाब के राज्यपाल को खरी-खरी

# आग से खेल रहे हैं आप, यह गंभीर मामला

#### विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी न देने पर जताई नाराजगी

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब के राज्यपाल की तरफ से विधानसभा से पारित विधेयकों को मंजूरी न देने पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने पंजाब सरकार और राज्यपाल से कहा हमारा देश तय परंपराओं पर चलता है और उनका पालन किया जाना जरूरी है।

राज्यपाल की आलोचना करते हुए पीठ ने कहा विधेयकों को मंजूरी नहीं देकर आप आग से खेल रहे हैं और विधानसभा सत्र बुलाने को असंवैधानिक करार दिया। लोकतंत्र के तहत मुख्यमंत्री और राज्यपाल को मिलकर काम करना चाहिए। पीठ ने कहा अगर राज्यपाल को लगता है कि कोई विधेयक गलत तरीके से पास हुआ है तो उन्हें विधेयक को विधानसभा अध्यक्ष को वापस भेजना चाहिए। पीठ ने राज्यपाल के वकील से पूछा अगर विधानसभा का कोई सत्र अवैध घोषित हो भी जाता है तो सदन द्वारा पास किया गया विधेयक कैसे गैरकानूनी हो सकता है। कोर्ट ने कहा कि जनप्रतिनिधियों की तरफ से पास बिल को इस तरह नहीं अटकाया जा सकता। आप यह नहीं कह सकते कि विधानसभा का सत्र ही गलत था। उच्चतम



न्यायालय ने पंजाब सरकार से पूछा कि विधानसभा के बजट सत्र की बैठक को स्थगित क्यों किया गया, अनिश्चितकाल के लिए सत्रावसान क्यों नहीं किया गया। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार और राज्यपाल से कहा कि हमारा देश स्थापित परंपराओं पर चल रहा है और उनका पालन किया जाना चाहिए। पंजाब में जो हो रहा है हम उससे खुश नहीं हैं, यह गंभीर चिंता का विषय है। पंजाब सरकार ने 19 और 20 जून को विधानसभा का सत्र बुलाया था। इस सत्र में एसजीपीसी संशोधन बिल, आरडीएफ फंड पेंडिंग, यूनिवर्सिटी चांसलर संबंधी विधेयक और पंजाब पुलिस एक्ट बिल पास हुए। हालांकि पंजाब के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का कहना है कि पंजाब सरकार द्वारा जून में बुलाया गया विधानसभा सत्र असंवैधानिक है, इसलिए इस सत्र में किए गए काम भी असंवैधानिक हैं। इसके खिलाफ पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट गई है। सरकार का कहना

#### मुख्यमंत्री-राज्यपाल के हाथों से चलता है लोकतंत्र : सुप्रीम कोर्ट

है कि अभी सत्र का सत्रावसान नहीं हुआ है तो सरकार जब चाहे सत्र बुला सकती है। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि कोर्ट उनको इस मामले में एक हफ्ते का समय दे। वह इस मामले में कोई न कोई हल निकाल लेंगे। ऐसे में बेंच ने उनसे सवाल किया कि अगर निकालना था तो अदालत आने की जरूरत क्यों पड़ी। इस पर सॉलिसटर ने कहा, उनको अगले हफ्ते सोमवार तक का समय दिया जाए। इस पर सीजेआई बोले हमें एक संक्षिप्त आदेश जारी करने दीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में 19 और 20 जून को बुलाई गई विधानसभा बैठक को वैध ठहराया। राज्यपाल से कहा कि वह इस दौरान पास किए गए विधेयकों पर फैसला लें। राज्यपाल सचिवालय ने दलील दी थी कि मार्च में बुलाई गए बजट सत्र को खत्म करने की बजाय स्थगित किया गया. जून में दोबारा बैठक बुलाए गई. यह गलत है. इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्पीकर के पास ऐसा करने का अधिकार है. कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि विधानसभा सत्र को अनिश्चित काल तक स्थगित रखना भी सही नहीं है।

### लोगों को प्रदूषण से पीड़ित नहीं होने दे सकते : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी (एनसीआर) क्षेत्र दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए केंद्र और राज्यों से शुक्रवार को कहा कि इसके लिए वे दीर्घकालिक उपाय करें। दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि हम नतीजे देखना चाहते हैं। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने सरकार से पूछा कि पिछले 6 साल से आप क्या कर रहे थे। पीठ ने कहा कि वह लोगों को प्रदूषण से पीड़ित नहीं होने दे सकती। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि वह चाहती है कि खेतों में आग लगाने (पराली जलाने) से रोका जाए और पंजाब में चावल को प्रमुख फसल के रूप में प्रतिस्थापित करने के लिए उपाय किए जाएं। चावल के बदले को और फसल लगाने का विकल्प तलाशा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को कम करने के लिए तुरंत कई फैसले लेने होंगे। शुक्रवार को बारिश होने पर न्यायाधीश कौल ने कहा कि लोगों को सिर्फ प्रार्थना करना चाहिए कि बारिश होते रहे। कभी हवा चलने तो कभी बारिश होने से राहत मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि शायद भगवान ने लोगों की प्रार्थनाओं को सुना होगा इसलिए बारिश हो गई। इसमें सरकार का कोई योगदान नहीं है।

## सार समाचार

### पंसारी की दुकान पर चोरों ने की सेंधमारी

**गुना, देशबन्धु।** त्यौहार के मौके पर भी शहर में चोर, बदमाश सक्रिय हैं। धनतेरस के दौरान शहर के सदर बाजार में चोरी का मामला सामने आया है। सदर बाजार में संचालित पंसारी की दुकान के ताले चटकाते हुए बदमाशों ने यहां से 25 हजार की नकदी सहित सूखे मेवा व अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। बदमाशों ने लोहे के सरिये से दुकान के ताले चटकाते हुए, दुकान में प्रवेश किया और चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया गया कि ये पूरी वारदात सुबह 4 से 6 बजे के बीच घटित हुई। चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरों में भी कैद हुई है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दुकान के बाहर खड़ी मोटरसाईकिल चोरी

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत मुख्य बाजार से दुकान के बाहर खड़ी मोटर सायकिल को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी हरवीर शर्मा पुत्र लालाराम शर्मा निवासी राजनखेडी थाना आरोन ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह नवीन जैन उनारवाली की रिजोदा रोड वाली दुकान पर काम करता है। गत दिवस दोपहर को उसने अपनी मोटर सायकिल क्रमांक एम.पी. 08 एमएस 7377 को दुकान के बाहर खड़ी करके दुकान के अन्दर काम करने चला गया था। करीब आधा घण्टे बाद दोपहर 2 बजे मैंने बाहर आकर अपनी उक्त मोटर साइकिल देखी तो नहीं मिली। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोर पर चोरी का मामला दर्ज किया है।

### राघौगढ़ पुलिस ने पकड़े दो जुआरी, एक भागा

**गुना, देशबन्धु।** जिले की राघौगढ़ पुलिस द्वारा ग्राम अहमदापुर में मंदिर के पास चल रहे जुए के फड पर दबिश देकर दो जुआरियों को दबोचा, जबकि एक अन्य जुआरी भाग खड़ा हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम अहमदापुर में मन्दिर के पास लाईट के उजाले में तीन लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। यहां पुलिस ने घेराबंदी कर दो जुआरियों को दबोचा। जिनमें भूरा अहिरवार पुत्र रामप्रसाद अहिरवार निवासी वार्ड न.1 टपरा कालोनी कुम्भराज एवं नरेश मालवीय पुत्र संजू मालवीय निवासी वार्ड न.01 टपरा कालोनी कुंभराज शामिल हैं। जबकि तीसरा जुआरी रवि लोधा निवासी अहमदापुर भाग गया। पुलिस ने दोनों जुआरियों के पास से कुल 2130 रुपए नगदी एवं ताश की गड्डी बरामद की है। पुलिस ने तीन जुआरियों पर धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### भाजपा प्रत्याशी पन्नालाल ने धनतेरस पर बाजार में किया जनसंपर्क

**गुना, देशबन्धु।** गुना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के प्रत्याशी पूर्व विधायक पन्नालाल शाक्य ने अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत धनतेरस के शुभ अवसर पर जनसंपर्क किया और आने वाली 17 नवंबर को होने जा रहे चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताकर कमल खिलाने का किया आग्रह। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी विकास जैन ने बताया कि भाजपा प्रत्याशी पन्नालाल शाक्य ने अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को नगर के मुख्य मार्गों में पहुंचकर सर्व समाज के बीच जनसंपर्क किया साथ ही दीपावली एवं धनतेरस की नगर वासियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। जनसंपर्क के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार सहित नगर के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बमोरी के फतेहगढ़ में आयोजित सभा में बोले दिग्विजय

# सिंधिया की सिफारिश पर सिसौदिया को मंत्री बनाया था लेकिन भ्रष्टाचार की सारी हदें पार कर दीं



**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया और उनके नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया पर जमकर निशाना साधा है। कमलनाथ सरकार गिराने में अहम भूमिका निभाने वाले महेंद्र सिंह सिसौदिया पर आरोप लगाते हुए दिग्विजय सिंह ने बमौरी विधानसभा के मतदाताओं को बताया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सिंधिया की सिफारिश से महेंद्र सिंह सिसौदिया को मंत्री बनाया गया था। लेकिन न जाने क्या क्या लेकर मंत्री ने सरकार गिरवा दी। दिग्विजय सिंह ने महेंद्र सिंह सिसौदिया के विभाग और पूरी भाजपा सरकार पर जमकर भ्रष्टाचार करने का आरोप भी लगाया।

दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा का शासन कमीशनबाजी पर चल रहा है। रेट लिस्ट टंगी हुई है कि इतना पैसा ले आओ और मंजूरी ले जाओ। बमौरी विधानसभा क्षेत्र के फतेहगढ़ में चुनावी सभा लेने पहुंचे दिग्विजय सिंह ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा और खासकर पंचायत मंत्री महेंद्र सिंह सिसौदिया पर हमलावर नजर आए। कांग्रेस प्रत्याशी इंजी. ऋषि अग्रवाल को वोट देने का आव्हान करते हुए दिग्विजय ने बमौरी के मतदाताओं को पंचायत मंत्री द्वारा कांग्रेस सरकार गिराने की इनसाइड स्टोरी बताते हुए उन्हें चुनाव हराने का आव्हान किया।

दिग्विजय ने बताया कि इस प्रदेश में 100 रुपए बजट आता है और 30 से 40 रुपए ऊपर ही खा लिए जाते हैं। जबकि निचले स्तर पर सरपंच-सचिवों को काम लेने के लिए भारी भेंट चढ़ाना पड़ता है।

दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस द्वारा अजा-अजजा और गरीब वर्ग के हित में हमेशा काम करने का ब्यौरा देते हुए आजादी की लड़ाई में योगदान बताया। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महात्मा गांधी एवं पं. जवाहरलाल नेहरू सहित पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का भी जिक्र किया।

जबकि सिंधिया परिवार की ओर इशारा करते हुए कहाकि इतने बड़े घराने का व्यक्ति ने कांग्रेस से गद्दारी कर दी। कांग्रेस ने उन्हें क्या नहीं दिया? मंत्री बनाया, सम्मान से रखा, लेकिन क्या कारण है कि वह छोडक़र चले गए।

आदिवासियों को लेकर कांग्रेस और भाजपा के रवैये में अंतर बताते हुए दिग्विजय ने पेशाब काण्ड का जिक्र किया। पूर्व सीएम ने दावा किया कि मनमोहन सरकार ने आदिवासी, सहरिया महिलाओं को हर महीने पैसे देने की योजना लागू की थी, लेकिन भाजपा सरकार ने उनके खातों में पैसे ही नहीं डाले। बमौरी क्षेत्र में खेरूआ आदिवासियों के प्रमाण पत्र नहीं बनने का मुद्दा भी दिग्विजय सिंह ने उठाया।

फतेहगढ़ की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री कन्हैयालाल ने बताया कि बमौरी इस समय आतंक और भय का माहौल बना हुआ है। मतदाता में खौफ है, लेकिन 17 नवम्बर को वह इससे निजात पा लेगा। वहीं बमौरी से कांग्रेस के युवा प्रत्याशी ऋषि अग्रवाल ने चिंता जताई कि भाजपा सरकार में महिलाएं, किसान, व्यापारी, युवा और मजदूर सभी परेशान है। श्री अग्रवाल ने तंज कसा कि इलाके के विधायक पंचायत मंत्री बन गए थे, जिससे सरपंचों को काफी अपेक्षा थी कि विकास कार्य हो सकेंगे। लेकिन चुनाव होने के बाद वह पछता रहे हैं कि हम सरपंच बने ही क्यों?

एक-दूसरे की शिकायत पर पुलिस ने किया दोनों पक्षों पर मामल दर्ज

## मामूली बात पर भिड़े 2 परिवार, आधा दर्जन से अधिक घायल

**गुना, देशबन्धु।** आरोन थानांतर्गत दीवाली की सफाई के दौरान घर के बाहर खड़ी सायकिल को गंदा करने पर दो परिवार आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों में जमकर ईंट-पत्थर एवं लाठी गढ्डे चले। विवाद में दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादिया भाग बाई पत्नि रामप्रसाद अहिरवार (58) निवासी गायत्री मंदिर के पास आरोन ने घायल अवस्था में अपनी बेटी पूजा, लडक़े नारायण सिंह एवं पति रामप्रसाद अहिरवार के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वाल्मीक मंदिर के ठीक सामने उनका घर है। रात 10 बजे के करीब वह अपने घर की सफाई कर रही थी। तभी उनके घर के बाहर रखी साईकिल पर पप्पू अहिरवार हाथ लगा रहा था। जब उन्होंने बाहर आकर कहा कि क्या कर रहा है इसी बात पर पप्पू अहिरवार ने गाली गलौंच शुरू कर दी। थोड़ी देर में पप्पू अहिरवार के परिवार के गीता बाई, संजू अहिरवार, दीपक अहिरवार हाथो में डंडे लेकर आए मारपीट शुरू कर दी। जिसमें वह, उनके पति रामप्रसाद, लडक़ा नारायण, लडक़ी पूजा घायल हो गए। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 294, 323, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

इधर दूसरे पक्ष की फरियादिया गीता बाई पत्नि स्व.परशुराम अहिरवार ने अपने लडक़े संजू अहिरवार एवं जयदेव अहिरवार के घायल अवस्था में रिपोर्ट कराई कि उनके मोहल्ले में नारायण अहिरवार भी रहता है। गत रात उनके देवर पप्पू का नारायण पुत्र रामप्रसाद अहिरवार से साइकिल के ऊपर से विवाद हो रहा था। वह बीच बचाव करने अपने लडक़े संजू के साथ वहां पहुंची तो नारायण अहिरवार और उसकी बहन पूजा अहिरवार ने गाली गलौंच शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उन पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गई। पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 294, 323, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

दुर्घटना में 3 घायल, पुलिस ने दोनों पक्षों पर किया मामला दर्ज

## ट्रेक्टर-ट्रॉली की मौसम्बी से भरे ट्रक से हुई भिड़ंत

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत आरटीओ ऑफिस के पास बायपास पर एक ट्रेक्टर एवं फल से भरे ट्रक में सामने-आमने की टक्कर हो गई। जिसमें ट्रेक्टर चालक सहित उसमें सवार तीन लोग घायल हो गए। वहीं दुर्घटना में ट्रक चालक भी घायल हो गए तथा उसके ट्रक में भी नुकसान हुआ है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर उपभयपक्षीय मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी जीतेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र सिंह यादव निवासी खेजरा अटारी थाना शाढ़ौरा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने ससुर विक्रम सिंह यादव के साथ ट्रेक्टर क्रमांक एमपी67 एए 7210 से रानीगंज से मक्का खाली करके गांव देपराई जा रहे थे। ट्रेक्टर को विक्रम चला रहे थे। जबकि ट्रेक्टर में सौरभ यादव, जगदीश बैठे थे। जैसे ही हम आरटीओ आफिस के पास गुना बायपास ए बी रोड पर पहुंचे तभी ट्रक क्रमांक सीजी 04 एनवाय 8123 के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर सामने से टक्कर मार दी। जिसमें ट्रेक्टर पलट कर रोड से नीचे गिर गया। दुर्घटना में विक्रम सिंह, सौरभ यादव, जगदीश घायल हो गए। जिन्हें 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक पर मामला दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष के ट्रक चालक फरियादी फैजल पुत्र रहीश खान निवासी राघौखेड़ी थाना कालापीपल जिला शाजापुर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह औरंगाबागद से मौसमी भरकर दिल्ली जा रहा था। जैसे ही में आरटीओ आफिस के पास गुना बायपास ए बी रोड पर आया तभी ट्रेक्टर क्रमांक एमपी67 एए 7210 के चालक ने ट्रेक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर ट्रक में टक कर मार दी। जिससे ट्रक रोड से नीचे उतर गया और टक्कर से मेरे ट्रक में काफी टूट-फूट हो गई। मामले में पुलिस ट्रेक्टर चालक पर मामला दर्ज कर लिया है।

## धनतेरस के साथ दीपोत्सव का शुभारंभ, जमकर बरसी लक्ष्मी



▶ ज्वेलरी, बर्तन, कपड़ा का रहा बाजार गुलजार

**गुना, देशबन्धु।** पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ धनतेरस के साथ हुआ। जैसी की उम्मीद थी धनतेरस पर जमकर बाजार में धन बरसा। धनतेरस पर पहले से अच्छे कारोबार की उम्मीद लगाए बैठे व्यापारियों ने ग्राहकों के लिए जिलेभर के बाजार सजा लिए थे। लंबे समय के बाद से मंदी की मार झेल रहे बाजार में धनतेरस टॉनिक साबित हुई। ज्वेलर्स, वाहन, कपड़ा, बर्तन, किराना से लेकर तमाम व्यवसाय में खरीदारी का उत्साह देखने को मिला है। व्यापारियों ने भी ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के ऑफर दे रखे थे। धनतेरस के शुभ मुहूर्त में वाहन, संपत्ति, जेवरात और इलेक्ट्रॉनिक उपकण आदि खरीदने के लिए बुकिंग जोरों पर चली।

इस मौके पर धनतेरस पर शगुन के नाम पर आभूषणों की खरीददारी करने वालों की होड़ के चलते शहर के सर्राफा बाजारों में खासा उठाव देखने को मिला। अनुमान के मुताबिक इस धनतेरस पर शाम तक 20 करोड़ से अधिक का कारोबार गया था। आभूषणों के अलावा इसी तरह सर्राफा दुकानों पर सोने, चांदी की प्रतिमाएं, सिक्के उपलब्ध कराए गए हैं।

**कपड़ा बाजार भी चमका :** धनतेरस के चलते शहर के कपड़ा बाजार में आज दिन भर चहल-पहल बनी रही। व्यापारियों का अनुमान है कि इस साल धनतेरस और दीपावली पर पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर कारोबार होगा। कपड़ा व्यवसायियों के मुताबिक इस बार भी ब्रांडडे और रेडीमेड कपड़ों की डिमांड ज्यादा देखने को मिला है। वहीं ग्रामीण इलाकों में भी इस बार थान और कटपीस के कपड़े की बिक्री पर रेडीमेड की खरीददारी भारी पड़ी। धनतेरस के चलते शहर के बर्तन व्यवसायियों ने अपनी दुकानों को सडक़ों पर भी सजा दिया था और रास्ते में भी उन्होंने ग्राहकों की सुविधा और स्वागत के लिए पांडाल लगा दिए थे।

**बर्तनों की विशेष दुकानें सजाई :** उल्लेखनीय है कि धनतेरस पर्व के साथ ही पांच दिवसीय दीप महोत्वस की शुरूआत हो गई। वहीं शनिवार को धनतेरस के बाद रूप चौदस व नरक चौदस मनाई जाएगी। धनतेरस को लेकर बाजार में बर्तनों की दुकानें विशेष रूप से सजाई गई। मान्यता है कि इस दिन बर्तनों की खरीदारी भी की जाती है। इसके अलावा चांदी सोने की खरीदारी भी शुभ मानी गई है। धनतेरस पर महिलाओं ने मुहूर्त की खरीदारी की। इसके अलावा धनतेरस पर कई मंदिरों में तथा घरों में पूजा अर्चना की गई। साथ धन के देवता कुबेर देव से चिर स्थाई धन प्राप्ति के उनकी पूजा कर प्रार्थना की गई।

## भाजपा प्रत्याशी ने जन्मभूमि को नमन कर लिया आशीर्वाद



**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर विधानसभा क्षेत्र के कोठरी मंडल के ग्राम उमरपुर से अपना जनसम्पर्क प्रारंभ करते हुए टीपाखेड़ी, गवाखेड़ा और अपने पैतृक गांव मुल्लानी पहुचे। ग्राम में प्रवेश करते ही ग्राम की मिट्टी को चंदन के रूप में अपने माथे पर लगा कर नमन किया। गोपाल सिंह ने अपने पैतृक घर पहुंचकर अपनी मां के चरण छू कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया परिवार जनों से भी भेंट की। ग्रामवासियों इष्ट मित्रों के साथ ग्राम भ्रमण कर जन सम्पर्क किया । यात्रा जैसे जैसे आगे बढ़ रही थी। जन मानस भी अपने प्रत्याशी के साथ पूरे जोश में आकर भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर से मिल रहे थे ओर उन्हें जीत का आशीर्वाद दे रहे थे। जनसंपर्क के दौरान ग्राम लसुड़िया खास,भीलखेड़ी सड़क निपानियाकलां अतरिया और बोरखेड़ा के बाद नगर परिषद कोठरी में जन सम्पर्क शुरू कर संपूर्ण नगर में भ्रमण कर नागरिको से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की ।

## खाती समाज के कद्दावर नेता कांग्रेस में हुए शामिल



**आष्टा, देशबन्धु।** भाजपा के पूर्व पदाधिकारी सरपंच और खाती समाज के बड़े नेता सुरेश वर्मा ने कांग्रेस पार्टी की रीति और नीति से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। सुरेश वर्मा ने चुनाव कार्यालय में मौजूद नेताओं के समक्ष बताया कि मैं तथा मेरे साथी कांग्रेस पार्टी के वचन पत्र से प्रभावित होकर व कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान की सादगी से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हुए है। कांग्रेस का जो वचन पत्र है उसने मुझे बहुत ज्यादा प्रभावित किया है। जिसमें बताया गया है कि 5 हॉर्स पावर तक के बिजली बिल फ्री किए जाएंगे । 26सौ रुपए प्रति क्विंटल का समर्थन मूल्य से गेहूं की खरीदी होगी,2 रुपए किलो किसानों के यहां निकलने वाली गोबर की खाद खरीदी जाएगी। किसानों पर भाजपा सरकार द्वारा बिजली के झूठे मुकदमे वापस लिए जाएंगे ।

खाद बीज एवं किसानों की फसलों को बर्बाद होने से बचने के लिए फेंसिंग व्यवस्था की जाएगी। आदि बातों से प्रभावित होकर के ही मैं कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। शामिल होने वाले नेताओं में पूर्व सरपंच गुड्डू मालवीय ,चंदरसिंह वर्मा ,धर्मेंद्र वर्मा ,मनोहर सिंह डेरी, आजाद सिंह वर्मा, सीताराम सेठ, कमल सिंह राय ,कैलाश ठाकुर ,महेश पांचाल, महेश वर्मा,प्रमुख है। दूसरी ओर कांग्रेस प्रत्याशी ने घर-घर सघन जनसंपर्क किया । वहां की जनता ने उन्हें विजयी होने का आशीर्वाद दिया।

## धनतेरस पर खरीदी के लिए उमड़ा जनसैलाब, हर दुकान पर थी भीड़



**आष्टा, देशबन्धु।** दीपावली का पर्व 3 दिन तक लगातार मनाया जाता है, शुक्रवार को धनतेरस होने के कारण नगर की ऐसी कोई दुकान नहीं थी, जिस पर भीड़ न हो।

इस दिन धनतेरस के होने के कारण लोग सोना चांदी से लेकर बर्तन और अन्य सामग्री खरीदने को शुभ मानते हैं। सबसे ऐतिहासिक भीड़ जय श्री ज्वेलर्स पर देखी गई। जहां आने वाले ग्राहकों का सम्मान किया गया एवं स्वल्पाहार किया गया। दूसरी ओर नगर के बड़ा बाजार मे सबसे ज्यादा भीड़ देखी गई। जहां सोना चांदी की दुकानों से लेकर किराना रेडीमेड कपड़े, इलेक्ट्रानिक आयटम और बर्तन की दुकानें सजी हुई नजर आई दूसरी ओर दीप जलाने के लिए मिट्टी के दिए भी आकर्षण का केंद्र बने। पशुओं को सजाने के लिए हार मुछंडी, आदि सामग्री की दुकानों पर भीड़ थी। आष्टा नगर मे धनतेरस पर हर एक के यहां धन बरसा दुकानदार के चेहरो पर मुस्कान देखी गई। यही सिलसिला लगातार तीन दिन चलेगा। नगर के मुख्य मार्ग बुधवारा बड़े बाजार मे चार पहिया वाहन पर प्रतिबंध लगा दिया।

## जिले की चारों विधानसभाओं के लिए 3 सौ माईक्रो ऑब्जर्वर को 2 पालियों में दिया प्रशिक्षण



**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी के मार्गदर्शन में आज विधानसभा चुनाव के लिए आज चारों विधानसभा के लिए 3 सौ माईक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण शासकीय पीजी महाविद्यालय गुना में 2 पालियों में आयोजित किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियुक्त माईक्रो आर्बज़वर 28-बमोरी, 29-गुना, 30-चांचौड़ा एवं 31 राघौगढ़ के लिए बनाए गए मतदान दलों के साथ मतदान दिवस को मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। माईक्रो आर्बज़वर के प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर निरंजन श्रोत्रिय प्राध्यापक एवं हरिओम खटीक सहायक प्राध्यापक द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि माईक्रो आर्बज़वर का कार्य काफी महत्वपूर्ण होता है।

सभी माईक्रो आर्बज़वर निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं निर्विघ्न कराने में अपने दायित्वों का पूर्ण रूप से निर्वहन करें। साथ ही मतदान केंद्रों से संबंधित निर्धारित प्रपत्र में सही समय पर रिपोर्ट भेजना सुनिश्चित करेंगे। माईक्रो आर्बज़वर मतदान केंद्र के अंदर सभी गतिविधि पर नजर रखेंगे और प्रातः मॉकपोल की प्रक्रिया के समय उपस्थित रहकर मतदान माईक्रो प्रारंभ कराएंगे। इस दौरान माईक्रो आर्बज़वर द्वारा उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें मतदान माईक्रो, मॉकपोल आदि के बारे में भी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

पुलिस, राजस्व और आबकारी विभाग ने की संयुक्त कार्रवाई

## 5 सौ लीटर अवैध शराब बरामद, 12 हजार लीटर लहान किया नष्ट

***गुना, देशबन्धु।*** *चांचौड़ा थानांतर्गत पुलिस, राजस्व व आबकारी विभाग द्वारा ग्राम भानपुरा में अवैध शराब के विरुद्ध संयुक्त कर करीबन 5 सौ लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। इसके अलावा 12 हजार लीटर लहान नष्ट किया है।*

*प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपी विजय कुमार खत्री को जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भानपुरा में कंजर समुदाय के कुछ लोगों द्वारा अवैध शराब बनाये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके तहत ग्राम भानपुरा में अवैध शराब बनाने वालों के विरुद्ध कार्यवाही हेतु एसडीओपी चांचौड़ा दिव्या सिंह राजावत के मार्गदर्शन में पुलिस, राजस्व एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीमें भेजी गई। जिनमें नायब तहसीलदार कुम्भराज सत्येन्द्र सिंह गुर्जर, चांचौड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक संजीत सिंह माबई, राघौगढ थाना प्रभारी निरीक्षक जुबेर खान, मृगवास थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयवीर सिंह बघेल एवं इनके थानों के बल तथा आबकारी विभाग से उपनिरीक्षक राधाकृष्ण आटारिया व इनकी टीम द्वारा ग्राम भानपुरा में अवैध शराब के ठिकानों पर आज तडक़े सुबह दबिश दी गई। इस दौरान गांव में कई जगह शराब बनाने की सामग्रियां मिली एवं शराब कारोबारियों द्वारा शराब बनाने के लिये तैयार कर रखा हुआ करीबन 12 हजार लीटर लहान कई ड्रमों में भरा हुआ मिला। जिसे आबकारी विभाग की टीम द्वारा विधिवत नष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण में उपयोगी विभिन्न सामग्रियों को भी टीमों द्वारा मौके पर नष्ट किया गया। इसके अलावा मौके से हाथभट्टी पर तैयार की हुई 340 लीटर अवैध कच्ची शराब अलग-अलग ड्रमों में भरी हुई मिली तथा बिना नंबर की एक पल्सर मोटर सायकिल पर बड़ी-बड़ी दो केंने बंधी हुई मिलीं। जिनमें हाथभट्टी की बनी 80 लीटर शराब तथा एक मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 08-1699 पर भी 80 लीटर अवैध कच्ची शराब से भरी हुई दो केनें बंधी हुई मिलीं। इस प्रकार मौके से करीबन 60 हजार कीमत की कुल 500 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करने के साथ ही दो मोटर सायकलें जप्त की गई हैं। साथ ही करीबन 06 लाख कीमत का 12 हजार लीटर लहान नष्ट किया गया है। पुलिस की इस कार्यवाही के दौरान अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त आरोपी नाले व जंगल का सहारा लेते हुए गांव से भागने में सफल रहे। इस कार्यवाही में फरार तीन आरोपियों सागर सिंह पुत्र ज्ञान सिंह कंजर, विक्रम पुत्र चंदन सिंह कंजर एवं-कन्हैया पुत्र बालमुकन्द कंजर निवासीगण ग्राम भानपुरा थाना चांचौड़ा के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अलग-अलग 3 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिये गये हैं। वहीं 4 प्रकरण आबकारी विभाग द्वारा बनाये गये हैं। उक्त कार्यवाही में फरार आरोपियों की पुलिस द्वारा सघन तलाश की जा रही है और जिन्हें शीघ्र ही गिरफ्तार किया जावेगा ।*

# आज से बदलेगा मौसम का मिजाज

## रात में बढ़ेगी ठंड



**भोपाल, देशबन्धु।** हवाओं का रुख फिलहाल दक्षिणी एवं दक्षिण-पूर्वी बना रहने से प्रदेश में दिन एवं रात का तापमान बढ़ा हुआ है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ जाने के बाद शनिवार से हवा का रुख उत्तरी होने से तापमान में गिरावट शुरू होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास बना हुआ है। इसके प्रभाव से पाकिस्तान के मध्य में एक प्रेरित चक्रवात बन गया है। इसके अतिरिक्त दक्षिण-पूर्वी मध्य प्रदेश एवं उससे लगे छत्तीसगढ़ पर एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। प्रति चक्रवात के असर से हवाओं का रुख लगातार दक्षिणी एवं दक्षिण-पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से जहां रात के तापमान में अपेक्षाकृत गिरावट नहीं हो रही है, वहीं दिन का तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। ऐसे में धूप में चुभन महसूस हो रही है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक शनिवार को पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ जाने की संभावना है। उसके बाद हवा का रुख उत्तरी होने लगेगा और प्रदेश में सर्द हवाओं के असर से तापमान में गिरावट होने लगेगी। वहीं हवाओं के साथ नमी आने के कारण ऊंचाई एवं मध्यम स्तर के बादल छाने की संभावना बन रही है। इससे दिन के तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है।

### भोपाल में 15 साल में नवंबर में इतनी गर्मी

उधर शुक्रवार को सबसे अधिक 35 डिग्री सेल्सियस तापमान दमोह में दर्ज किया गया। वहीं राजधानी भोपाल में लगातार तीसरे दिन अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भोपाल में 15 वर्ष में पहली बार नवंबर माह में इस तरह की स्थिति बनी है। उधर गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात प्रदेश में सबसे कम 14.6 डिग्री सेल्सियस तापमान छिंदवाड़ा में दर्ज किया गया।

# मिठाई कारखाने में गैस सिलेंडर में लगी आग, बड़ा हादसा टला

## इमारत में धुएं से हड़कंप मचा



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल के करोंद इलाके में शुक्रवार को उस वक्त बड़ा हादसा होने से टल गया, जबकि मिठाई के एक कारखाने में अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। इससे आग की लपटें उठने लगी। वहीं, कारखाने की इमारत में धुआं ही धुआं हो गया। गनीमत यह रही कि आग ज्यादा फैलती, इससे पहले उस पर काबू पा लिया। इससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी पंकज यादव ने बताया कि करोंद इलाके में मित्तल कॉलेज मार्केट के पास कुणाल डेयरी का मिठाई कारखाना है। यहां शुक्रवार को मिठाई बनाते समय गैस सिलेंडर में आग लग गई। सिलेंडर में लगी आग पास में रखे टायर तक पहुंच गई। इससे आग भभक उठी। वहीं आग लगने के बाद पूरी इमारत में धुआं हो गया था। इस कारण वहां हड़कंप की स्थिति बन गई। इस बीच अग्निशमन दमकलें मौके पर पहुंची और आग को बुझाने का प्रयास किया। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझा दी गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था क्योंकि फैक्टरी में 10 से 12 व्यवसायिक गैस सिलेंडर रखे थे। यदि आग फैलती तो सिलेंडर में धमाके हो सकते थे और इसके कारण बड़ा हादसा हो सकता था।

# मंत्रालय की महिला कर्मचारी और मंडी बोर्ड के सेवानिवृत्त अधिकारी के घर चोरों का धावा



## मकानों के ताले तोड़कर दो लाख का सामान ले उड़े

**भोपाल, देशबन्धु।** टीटी नगर के तुलसी नगर में रहने वाली मंत्रालय की महिला कर्मचारी के सूने मकान से चोर एक लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इसी तरह शाहजहांनाबाद के ईदगाह हिल्स स्थित सहारा परिसर में रहने मंडी बोर्ड के सेवानिवृत्त अधिकारी के घर से बेटी की शादी का एक लाख रुपये का सामान चोरी होने की वारदात हुई पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक अभिमन्यु सिंह ठाकुर उम्र 35 वर्ष गुर्जर भवन के सामने तुलसी नगर में रहते हैं। उनकी पत्नी स्वाति सिंह मंत्रालय में सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदस्थ हैं, इसलिए उन्हें शासकीय आवास आवंटित है। बीती शाम करीब साढ़े चार बजे अभिमन्यु अपने परिवार के साथ रायसेन चले गए थे। अगले दिन सुबह उनके वाहन चालक ने फोन करके बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है। सूचना के बाद पूरा परिवार वापस घर लौटा तो सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी के ताले उखड़े थे और सामान बाहर पड़ा था। जांच करने पर अलमारी के लॉकर में रखा स्वाति के इस्तेमाली आभूषण 2 सोने की हाथ की चूड़ी, 2 सोने की चैन, एक मंगल सूत्र लॉकेट वाला, एक जोड़ी सोने के कान के टाप्स लटकन बाले व बच्ची की टाप्स एक जोड़ सोने की तथा 17 हजार रुपए नकदी समेत करीब एक लाख रुपये का सामान गायब था। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

शाहजहांनाबाद थाना पुलिस के मुताबिक परवेज खान उम्र 66वर्ष मंडी बोर्ड से सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। 31 अक्टूबर को उनकी बेटी की शादी थी। कार्यक्रम का आयोजन अचारपुरा में रखा गया था, जिसके कारण पूरा परिवार घर पर ताला लगाकर अचारपुरा गया था। रात करीब डेढ़ बजे परिवार वाले घर लौटे तो घर के मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। श्यनकक्ष में रखी अलमारियां भी खुली हुई थी। इनमें से एक अलमारी का ताला तोड़ गया था, जबकि दूसरी अलमारी को पास रखी चाबी से खोला गया था। बदमाश घर से दो लिफाफों तथा डिब्बे में रखे नकद रुपये, व्यवहार में आए लिफाफे, चांदी की चैन, चांदी का ब्रेसलेट समेत करीब एक लाख के करीब सामान गायब था। शादी के अन्य कार्यक्रमों में व्यस्त होने के कारण परवेज गुरुवार को थाने पहुंचे और घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

# एड्स पर स्वास्थ्यकर्मियों के लिए हुई संवेदीकरण कार्यशाला

## एचआईवी एड्स अधिनियम की जानकारी दी गई

**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवी एड्स अधिनियम के प्रसार के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, संजीवनी क्लीनिक के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ को एचआईवी एड्स अधिनियम की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।

कार्यशाला में गांधी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. सलिल भार्गव ने कहा कि एचआईवी एड्स नई बीमारी नहीं है, लेकिन आज भी इस बीमारी के साथ जी रहे लोगों के अधिकारों की रक्षा करना जरूरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने कहा कि एचआईवी एड्स का उपचार वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। एचआईवी एड्स के साथ जी रहे लोगों के साथ सामाजिक भेदभाव न किए जाने के लिए जागरूकता जरूरी है। इस एक्ट का उद्देश्य लोगों के व्यवहार में सुधार लाना है न कि लोगों को दंडित करना।



इस अवसर पर डॉ. देवेंद्र गौड़ ने एक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह एक्ट सुनिश्चित करता है कि एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों के साथ भेदभाव और कलंक की स्थिति निर्मित ना हो। एचआईवी एड्स के प्रसार को रोकने और नियंत्रित करने के लिए एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति और एचआईवी से प्रभावित व्यक्तियों के मानव अधिकारों की सुरक्षा, उचित देखभाल उपलब्ध करवाना, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और अन्य व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा करना इस एक्ट के उद्देश्य हैं।

सामुदायिक मेडिसिन विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ. मंजू टोप्पो ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत लक्ष्य 95-95-95 निर्धारित किया गया है, जिसके तहत वर्ष 2030 तक एचआईवी संभावित लोगों में से 95 प्रतिशत लोगों को उनकी एचआईवी अवस्था का ज्ञान होना, एचआईवी संक्रमित लोगों में से 95 प्रतिशत लोगों को एआरटी उपचार सुनिश्चित करना एवं एआरटी उपचार ले रहे सभी एचआईवी संक्रमितों में से 95 प्रतिशत लोगों को उनके वायरल लोड का दमन करना निर्धारित किया गया है ।

उल्लेखनीय है कि एचआईवी एड्स अधिनियम को भारत सरकार द्वारा 21 अप्रैल 2017 को राजपत्र में प्रकाशन किया गया था । 24 फरवरी 2020 को मध्यप्रदेश में इस अधिनियम को राजपत्र में अनुसूचित किया गया था। इस कानून को लागू करने का मुख्य उद्देश्य एचआईवी एड्स के व्यक्तियों के साथ अन्य लोगों के व्यवहार में परिवर्तन एवं सकारात्मक दृष्टिकोण की दिशा में बदलाव लाना है।

# मप्र एथलेटिक्स अकादमी की सोनम और विकास ने जीते स्वर्ण पदक

**भोपाल, देशबन्धु।** गोवा राष्ट्रीय खेल के बाद अब 38वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी मप्र अकादमी के खिलाड़ियों ने जीत के साथ शुरुआत की है। शुक्रवार को आयोजित 3 हजार मीटर दौड़ में मप्र ने बालक व बालिका दानों वर्गो में स्वर्णिम सफलता प्राप्त की है। बालक वर्ग में विकास सिंह और बालिका वर्ग में सोनम परमार ने स्वर्ण पदक जीते।

तमिलनाडु के कोयम्बटूर में आयोजित इस चैंपियनशिप में बालक वर्ग की 3 हजार मीटर दौड़ में मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी के विकास सिंह ने स्वर्ण पदक जीता है, वहीं बालिका वर्ग में मप्र अकादमी की सोनम परमार ने भी 3 हजार मीटर दौड़ 10.00.98 सेकंड में पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। मप्र राज्य एथलेटिक्स अकादमी के मुख्य कोच एसके प्रसाद ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दोंनो को पदक जीतने पर खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता ने बधाई दी।

# निर्धन बच्चों को वितरित की दीप सामग्री



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** मातृभूमि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी हर घर उजियारा हो इसी संकल्प के साथ आज अध्यक्ष राहुल राजपूत के नेतृत्व मै तो इंद्रा नगर स्थित सेवा बस्ती में सेवा भारती के बच्चों को दीप सामग्री (फटाके, रंगोली व मिठाई ) वितरित की गई। इस अवसर पर श्री राजपूत ने कहा कि हमारे हिंदू संस्कृति में सबसे बड़ा त्योहार दीपावली है, जिसमें हम अपने घर में तो उजियारा करते हैं, लेकिन हमें जिनके घर में अंधेरा है, उनके यहाँ भी उजियारा हो यह संकल्प हम सबको लेना चाहिए। इसी के तहत आज बच्चों को दीप सामग्री वितरित कि गई। इस अवसर पर संचालिका रिना पोदघार ,वृंदावन गर्ग, हेमंत अग्रवाल, किशोर पेहलाजानी, बंटी मिणा, सचिन तिवारी , विजय मालवीय आदि उपस्थित थे।


**ATASH COLLEGE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY**

(Affiliated Barkatullah University Chhindwara) Recognised By GOVT. of M.P.
ADD- Near Canara Bank, Bhagat Sing Ward, Betul Road
MULTAI, Distt.- Betul
Email: atashcollege.m@gmail.com
Mob-7828100339, 9827527220 Esttd-2012

C.S.CHANDEL Director — Anup Singh Sisidiya Vice Principal

एतश कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एण्ड टेक्नालाजी मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)

(म.प्र. शासन से मान्यता एवं छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय बरकत उल्लाह युनीवर्सिटी भोपाल से संबंद्धता प्राप्त)

**आवश्यकता है**

| | | |
|---|---|---|
| | प्राचार्य | 01 पद |
| 1 | सहायक प्रध्यापक (मैनेजमेंट संकाय) | बीबीए- मैनेजमेंट के लिए 06 |
| 2 | सहायक प्रध्यापक (टैक्नोलॉज संकाय) | बीसीए-कम्प्यूटर एप्लीकेशन के लिए 06 पद |
| 3 | लेखा पाल/ग्रंथपाल/लिपिक | प्रत्येक के लिए 01 पद |
| 4 | भृत्य | 01 पद |

वेतनमान:- योग्यता यूजीसी मापदंड (कालेज कोड-28) के अनुसार
पता:- भगतसिंह वार्ड केनरा बैक के पास बैतूल रोड मुलताई

Email id: atashcollege.m@gmail.com
Mob-7828100339, 9424422435, 8989516371


# सार्वजनिक गोवर्धन पूजा 14 को, तैयारी जारी



## कोलकाता के कलाकार दे रहे आदमकद प्रतिमा को अंतिम रूप

**भोपाल, देशबन्धु।** तेजस जनकल्याण समिति के तत्वावधान में सार्वजनिक गोवर्धन पूजा एवं परिक्रमा के कार्यक्रम का आयोजन 14 नबम्बर को किया जायेगा। इसकी तैयारियां जारी हैं।

समिति के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता और सचिव वरूण गुप्ता ने बताया कि उक्त कार्यक्रम छोला दशहरा मैदान में शाम 4 बजे शुरू होगा, जो रात्रि 10 बजे तक जारी रहेगा। इसका शुभारंभ 5 ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच समिति पदाधिकारियो से गोवर्धनजी की पूजा अर्चना कर होगा। इसके पश्चात श्रद्धालुओ द्वारा गिरिराजजी की परिक्रमा की जायेगी, जो कार्यक्रम के समापन तक जारी रहेगी। इस बीच मां भगवती आराधना मंच के नेतृत्व में मेकलसुता समूह जबलपुर के अलावा, मथुरा, व्रन्दावन, ग्वालियर, इंदौर और भोपाल के कलाकारों द्वारा धर्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति दी जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न विधाओं की 5 प्रतिभाओं को वरिष्ठ समाजसेवी और समिति के संस्थापक संरक्षक रामनारायण कुदरिया की स्मृति में स्थापित तेजस सम्मान से सम्मानित किया जायेग।

पदाधिकारियो ने बताया कि इस वर्ष गोवर्धन गिरिराजजी की 15 फिट की आदमकद प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस प्रतिमा का निर्माण राजधानी के प्रख्यात मूर्तिकार राजू कुशवाह के नेतृत्व में कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही विधानसभा चुनाव में 100 फीसदी मतदान की अपील वाली प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता, विधायक श्रीमती कृष्णा गौर, पूर्व महापौर आलोक शर्मा, भाजपा के प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी अतिथि के रूप में शामिल होंगे।


**VEHICLES / MACHINERY AUCTION NOTICE**

**Onlene / offline bids are invited for the sale of the following vehicles / machinery.**


| Deal No | Asset class | Asset Make / Model | Year of Manufac ture | Registration No | Engine No | Chasiss No | Parked at - Yard Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| IBN00591T | Tractor | NEW HOLLAND 3600 50HP TRACTOR | 2020 | MP38AC5854 | 275396 | NHN36000ZKK189634 | VIDISHA |
| IBN00907T | Tractor | MF241 DI DD OIB S325.1 13.6*28 856 | 2021 | MP38AC8368 | S3251L97866 | MEA8E351HM2386420 | VIDISHA |
| IBS02099T | Tractor | SONALIKA DI745 III POWER PLUS 47 HP | 2022 | MP37ZB3803 | 3105ELU24G1186081F20 | EZCDJ1195371S3 | SEHORE |
| IBS02143T | Tractor | SONALIKA DI 734 POWER PLUS OIB | 2022 | | 3100NS24H1204560F31 | JZQSJ1213268SM | SEHORE |
| IBS02370T | Tractor | SONALIKA DI 734 POWER PLUS OIB | 2022 | | KZQSJ12433685M | 3100NS24J1234476F31 | SEHORE |
| IBV02340T | Tractor | ESCORTS PT 434 PLUS POWER HOUSE 39HP | 2022 | MP40ZB2495 | E3692373 | T053613461EL | VIDISHA |
| IBV02380T | Tractor | MF 7235 DI S334 8*2 MS OIB 13.6*28 1151 | 2022 | | S33422541 | MEA11DFAJN9050718 | VIDISHA |
| IBV02400T | Tractor | SONALIKA DI 734 POWER PLUS OIB | 2022 | MP40ZB2444 | 3100NS24H1200604F31 | JZQSJ1210931S3 | VIDISHA |
| IBV02497T | Tractor | SONALIKA SOLIS 5015 2WD 50 HP | 2022 | | 3105NH24E1171174F29 | FXTDJ1179518S3 | VIDISHA |
| IBV02498T | Tractor | SONALIKA DI 750 III POWER PLUS OIB PS | 2018 | MP38AB7365 | 4100EL63J588808F16 | KZUDF592937S3 | VIDISHA |
| IBV02632T | Tractor | SONALIKA SOLIS 5015 2WD 50 HP | 2023 | | 3105NH24J1235961F29 | KXTDJ1244440S3 | VIDISHA |
| IBA00371T | Tractor | ESCORTS PT-439 SC 13.6T | 2019 | MP67AA6975 | E3521635 | T053463318GH | GUNA |
| IBA00833T | Tractor | TAFE 241 PD 4WD 42 HP | 2017 | MP67AA4264 | S3251J05008 | MEA8D061JH1163747 | GUNA |
| IBA01022T | Tractor | SONALIKA SOLIS 4215 2WD 43 HP | 2022 | MP67AB1804 | 3102FLU24D1160334F19 | GXRSJ1167812S3 | GUNA |
| IBG01581T | Tractor | MAHINDRA 575DI BP MKM OIB WL - BS3A | 2020 | MP08AD2055 | NLF2GCJ0174 | MBNGAALDNLNF01104 | GUNA |
| IBG01678T | Tractor | ESCORTS FT 60 CLASSIS T20 50HP | 2015 | MP08AC3283 | E2355511 | T052350410FD | GUNA |
| IBG01951T | Tractor | MF 1035 DI TONNER | 2021 | MP08AD4940 | S33417221 | MEA0E761HM2385471 | GUNA |
| IBG02023T | Tractor | ESCORTS PT-439 PLUS 40HP | 2021 | MP08AD4417 | E3633139 | T053564369EK | GUNA |
| IBH01465T | Tractor | NEW HOLLAND 3600 50HP TRACTOR | 2021 | MP05AJ6209 | 311361DX | NHN3600ZMB538485 | BABAI HOSANGABAD |
| IBU01646T | Tractor | KUBOTA MU5502 2WD DUAL PTO 55HP | 2022 | MP48ZB6583 | BNL1562 | KBULBBFNHNEH12363 | BETUL |
| IBU01841T | Tractor | ESCORTS FT-50 CLASSIC PRO | 2021 | MP48AA8279 | E2539178 | T052540695MK | BETUL |
| IIH00864T | Tractor | SWARAJ 855 TXR(PS) DCRPS540DT | 2011 | MP37A6803 | 471402SEF04754 | WWCF61910043700 | HARDA |

For any queries or inspection of the vehicles, plase contact - Indusind Bank Ltd.,Vehicle Finance Division (TFE)
Kwality Business Center, Plot No 07,M.P. Nagar Zone-2,Bhopal 462011,Mob. 7448806136,9340828306,9977724614

# अभिमत

*आईटी की दुनिया आज बहुत अलग है जिसमें मूर्ति और उनके द्वारा सह-स्थापित कंपनी इंफोसिस का काम और उनकी बात बहुत महत्व रखती है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए मूर्ति की टिप्पणी आईटी सेवा क्षेत्र पर तुरंत लागू होगी जो वैश्विक बाजारों में भारत की भागीदारी में क्रांति लाते हुए अनिवार्य रूप से श्रम अदला बदली पर निर्मित मजदूरों का अड्डा रहा है। कुछ लोग तर्क देंगे कि यही कारण है कि कंपनी और इस क्षेत्र में कई लोग आईटी कर्मियों का श्रम निर्यात करने वाले पेशेवर बने रहे और बड़े पैमाने पर मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाने में विफल रहे।*

## उत्पादकता बढ़ाने के लिए मूर्ति का गैर-उत्पादक सुझाव



जगदीश रत्तनानी

एन आर नारायण मूर्ति ने कहा है कि राष्ट्रीय उत्पादकता बढ़ाने में मदद के लिए युवाओं को 70 घंटे काम करना चाहिए। यह बहुत कुछ 19वीं शताब्दी जैसा ही है। 18 के दशक के अंत और 19 के दशक की शुरुआत में मिल मजदूरों ने कड़ी मेहनत की और उन्हें ऐसा करने के लिए प्रेरित किया गया। काम करने के आदर्श घंटे सूर्योदय से सूर्यास्त तक थे जो बिजली के बल्ब की तकनीक के आने के बाद और अधिक बढ़ गये। अब काम को सूर्यास्त के समय रोकना और खींचना नहीं पड़ता था। यह तब तक चलता रहा जब तक कि श्रमिकों ने प्रौद्योगिकी द्वारा लाए गए अमानवीय शोषण का विरोध करने के लिए फिलामेंट बल्बों को तोड़ नहीं दिया।

आईटी की दुनिया आज बहुत अलग है जिसमें मूर्ति और उनके द्वारा सह-स्थापित कंपनी इंफोसिस का काम और उनकी बात बहुत महत्व रखती है। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए मूर्ति की टिप्पणी आईटी सेवा क्षेत्र पर तुरंत लागू होगी जो वैश्विक बाजारों में भारत की भागीदारी में क्रांति लाते हुए अनिवार्य रूप से श्रम अदला बदली पर निर्मित मजदूरों का अड्डा रहा है। कुछ लोग तर्क देंगे कि यही कारण है कि कंपनी और इस क्षेत्र में कई लोग आईटी कर्मियों का श्रम निर्यात करने वाले पेशेवर बने रहे और बड़े पैमाने पर मूल्य श्रृंखला को आगे बढ़ाने में विफल रहे। अन्य बाजारों से नवाचार आना जारी है, एआई ( आर्टिफिशिअल इंटलिजेंस) की पेशकश केवल एक पारिस्थितिकी प्रणाली से आ रही है जो नाटकीय रूप से यहां प्राप्त की गई चीजों से अलग है। गैर वर्गीकृत, प्रयोग की भावना, जोखिम लेने और विफलता की स्वीकार्यता इसके कुछ हाईलाइट्स हैं। इनमें से कोई भी अनिवार्य, विनियमित, निगरानी की गई कड़ी मेहनत के साथ अच्छी तरह से मेल नहीं खाता है जिस अर्थ में इसे भारत में समझा जाता है जो बड़े पैमाने पर एक ही समय में नीरस, रोमांचक और शोषक कार्य दर्शन तथा 'जितना बताया गया है, उतना करो' की नीति पर चलता है।

> **भारत में कई लोग कम मजदूरी, शून्य लाभ और लंबे समय तक काम के घंटों के चक्र में फंसे हैं। मूर्ति की टिप्पणी का इस्तेमाल इन कदाचारों को वैध बनाने के लिए किया जाएगा। कम शब्दों में कहें तो यह इस घातक तर्क को आगे बढ़ाता है कि गरीब आलसी हैं, कि अमीर इसलिए अमीर हैं क्योंकि वे कड़ी मेहनत करने वाले नागरिक हैं जो राष्ट्र को आगे ले जाते हैं और इस गलत तर्क के लिए मंच तैयार करते हैं।**

यह मालूम होना चाहिए कि कड़ी मेहनत से आवश्यक रूप से उच्च श्रम उत्पादकता नहीं होती है। यदि ऐसा हुआ भी तो तब मिलों में और अब सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में यह देश को कहीं नहीं ले जाएगा। इससे तब मिल मालिकों को फायदा हुआ था और अब आईटी दिग्गजों को लाभ होगा। वास्तव में यह मानव पूंजी में निवेश किए बिना एक कार्य बल के शोषण की संस्कृति को मजबूत करता है ताकि अधिकांश लोगों का उनकी क्षमता के निर्माण में उचित निवेश के बिना 'उपयोग' किया जा सके और उन्हें बढ़ने के लिए अपेक्षित सहायता प्रदान की जा सके।

यह अल्पकालिकता व्यवसायी को तात्कालिक रूप से लाभ पहुंचाती है लेकिन दीर्घकाल में प्रणाली और उत्पादकता को नुकसान पहुंचाती है। यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो अब तक भारत की विकास कहानी के कई पहलुओं की विशेषता रही है। कमजोर श्रम कानून, श्रम बल की बढ़ती ठेकेदारी, ट्रेड यूनियनों की घटती शक्ति, शोषण का लंबा इतिहास और नौकरी, मतलब किसी भी प्रकार की नौकरी की सख्त जरूरत जैसे कारकों के संयोजन से यह स्थिति और भी बदतर हो जाती है। इस वजह से कार्य बल के प्रणालीगत दुरुपयोग के लिए स्थितियां अनुकूल हो जाती हैं।

आईटी क्षेत्र में, यह बहुत कम उम्र में श्रमिकों को थोक में जिन्दा प्रेत 'जाम्बीज़' बना देता है। किसी और चीज के बारे में कम जागरूकता के साथ उन्हें स्क्रीन पर काम करने के लिए धकेल दिया जाता है। उन्हें उद्यमी या अभिनव किसी भी चीज़ से बहुत दूर ले जाया जाता है। काम के दबाव का मतलब है कि भारत के शिक्षित युवा, विशेष रूप से आईटी-सक्षम सेवा क्षेत्र में कार्यरत अनुमानित 54 लाख युवा कम कौशल, कम वेतन और लंबे समय तक काम के घंटों के साथ मूल्य श्रृंखला के निचले छोर पर हैं। हफ्ते के अंत में वे आराम करने के लिए बार और क्लबों में जाते हैं। वे एक ऐसी दिनचर्या से अपना समय निकालते हैं जो कमर तोड़ने वाली और आत्म-पराजित होती है, जिसमें समग्र विकास के लिए बहुत कम विकल्प होते हैं और सामान्य तौर पर उनमें मानसिक बीमारी की संभावना अधिक होती है।

मूर्ति ने यह टिप्पणी इंफोसिस के पूर्व सीएफओ टीवी मोहनदास पई के साथ एक साक्षात्कार की है। मूर्ति इस बात से अनजान नहीं हो सकते कि पई वह व्यक्ति हैं जिसने जेएनयू में छात्रों के राजनीतिक रुख अपनाने पर आपत्ति जताई थी और इसे 'करदाताओं के पैसे का दुरुपयोग' कहा था। उनका (पई का) मतलब है कि शिक्षा राजनीतिक समझ या राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेने से रहित होनी चाहिए। अर्थात संदेश यह है कि आप 'कठिन अध्ययन' करें लेकिन आप किसी विषय पर एक स्टैंड नहीं ले सकते, खासकर अगर वह स्टैंड मेरी पसंद का नहीं है। यह सुविधा हार्वर्ड के उन लोगों को दी जानी है जहां मूर्ति के बेटे ने पीएचडी की है न कि जेएनयू में, जहां कन्हैया कुमार ने पीएचडी की है। जब कन्हैया कुमार को विपक्ष ने लोकसभा सीट के लिए साझा उम्मीदवार बनाया था तब पई ने पूछा था कि कन्हैया कुमार की पीएचडी का क्या हुआ? 70 घंटे के कार्य सप्ताह पर मौजूदा विवाद में जब सोशल मीडिया पर एक टिप्पणी में इंफोसिस को आईटी 'कुली' प्रदाता के रूप में रखने वाली मानसिकता की व्याख्या करते हुए आलोचना की तो पई ने लेखक को जवाब दिया कि जब तक वह इंफोसिस जैसी कंपनी नहीं बनाते तब तक चुप रहें- अगर आपके पास पैसा नहीं है, तो बात न करें!

यह विचार इंफोसिस को 'जाम्बीज़' रखने की सुविधा दे सकता है लेकिन यह कभी भी राष्ट्र की सेवा नहीं कर सकता है और न इसे राष्ट्रीय पुनरुद्धार के मार्ग के रूप में पेश कर सकता है। भारत में कई लोग कम मजदूरी, शून्य लाभ और लंबे समय तक काम के घंटों के चक्र में फंसे हैं। मूर्ति की टिप्पणी का इस्तेमाल इन कदाचारों को वैध बनाने के लिए किया जाएगा। कम शब्दों में कहें तो यह इस घातक तर्क को आगे बढ़ाता है कि गरीब आलसी हैं, कि अमीर इसलिए अमीर हैं क्योंकि वे कड़ी मेहनत करने वाले नागरिक हैं जो राष्ट्र को आगे ले जाते हैं और इस गलत तर्क के लिए मंच तैयार करते हैं कि टैक्स देने वाले 'दाता' हैं और बाकी लोग 'लेने' वाले हैं; और यह कि वंचितों को दी जाने वाली सब्सिडी कड़ी मेहनत करने वालों पर अनुचित बोझ है।

भारतीय शिक्षा और कार्य प्रणाली की समस्याओं में से एक समस्या यह है कि हम जिज्ञासा की कीमत पर तत्काल काम पर ध्यान केंद्रित करना या दीर्घकालिक मनोरम दृश्य या भविष्य के साथ जुड़ाव चाहते हैं। यह अंत:विषय ज्ञान को सीमित करता है, रिक्त स्थानों को जोड़ने की क्षमता को बाधित करता है तथा छात्रों और श्रमिकों को तेजी से परिवर्तन व उच्च जटिलता द्वारा चिह्नित दुनिया की व्यापक तस्वीर देखने के लिए सशक्त नहीं बनाता।

यह खतरा बिना किसी उद्देश्य के श्रमिकों और नेताओं के साथ समाप्त हो रहा है जो यूनिडायरेक्शनल फोकस के साथ टारगेट पर अपना दिमाग, अपने समय के महत्वहीन कार्यों पर ध्यान केंद्रित करते हैं और नैतिक रूप से उन महत्वपूर्ण मुद्दों से अनजान हैं जो आज उनके संगठन और वास्तव में राष्ट्र का सामना करते हैं। ये लोग 'गति' के बारे में चिंतित हैं न कि उस 'दिशा' के बारे में, जिस दिशा में हम जा रहे हैं। इस तरह के नजरिये के साथ पहले से कहीं अधिक तेजी से पहुंचने और समय से पहले गलत जगह पर उतरने का खतरा बना हुआ है। भारत के लिए इससे ज्यादा विनाशकारी कुछ नहीं हो सकता।

मूर्ति अपनी वरिष्ठता और सम्मान के साथ एक बहुत अलग संदेश दे सकते थे- हमारे युवाओं को तत्काल से परे एक बड़े उद्देश्य से प्रेरित होना चाहिए। हमें दूसरों की देखभाल, उनका दर्द समझने तथा साझा करने के विचार का निर्माण करने की आवश्यकता है और यह महसूस करने की आवश्यकता है कि भारत केवल तभी विकसित हो सकता है जब हम सभी- सभी क्षेत्र, धर्म, जातियां, समूह, स्तर और समुदाय, एक साथ बढ़ते हैं। यह एक ऐसा भारत है जहां मजदूरी असमानताएं पहले से कहीं कम हैं, जहां सभी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं और हमारे कार्य बल को मेहनती, भ्रष्टाचार मुक्त और आम नागरिक की सेवा में तैयार होने के लिए जाना जाता है। मूर्ति का ऐसा संदेश, जश्न मनाने वाला एक संदेश होता।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस )**

## बीता सप्ताह

**4 नवंबर**
- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा ने मोदी की गारंटी नाम से घोषणा पत्र जारी किया।
- मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि तारीख पर तारीख वाला अदालत नहीं बनेगा कोर्ट।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु प्रदूषण से हेल्थ इमरजेंसी लागू किया गया।
- छपरा बिहार में गायत्री महायज्ञ हवन के समय भगदड़ मच जाने से दो लोगों की जानें चली गई।

**5 नवंबर**
- चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि विधायिका कोर्ट के फैसले को सीधे खारिज नहीं कर सकती।
- भदोही उत्तरप्रदेश के पूर्व विधायक विजय मिश्र को एक गायिका के साथ दुष्कर्म मामले में 15 साल की सजा सुनाई।
- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री एर्ली कोहेन से मौजूदा स्थिति के बारे में बातचीत की।
- नेपाल में भूकंप आने से मरने वालों की संख्या 157 तक पहुंची।

**6 नवंबर**
- छत्तीसगढ़ के विधानसधा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने घोषणा पत्र जारी किया।
- विराट कोहली ने वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे कॅरियर का 49वां शतक लगाया।
- रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना में कार्यरत महिला सैनिकों, सेलर्स और एयर वॉरियर्स को भी मातृत्व और चाइल्ड केयर लीव देने का ऐलान किया।
- भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमेन ने बताया कि वेतन एवं पेंशन में बढ़ोतरी के लिए 8900 करोड़ राशि अलग रखे गए।

**7 नवंबर**
- मिजोरम के 40 व छत्तीसगढ़ के 20 सीटों के आज मतदान हुआ।
- महंगाई से राहत देने सरकार ने पूरे देश में 27.50 किलो पर भारत आटा उपभोक्ताओं को देगा।
- सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों व राज्य सरकारों के बीच हो रहे टकरावों पर चिंता जताई।
- रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार परमाणु ऊर्जा से संचालित पनडुब्बी सम्राट अलेक्जेंडर-3 ने बुलवा बैलेस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक नई परमाणु पनडुब्बी का परीक्षण किया।

**08 नवंबर**
- छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव पहले चरण में 20 सीटों के लिए बस्तर व राजनांदगांव में वोट डाले गए।
- सुकमा छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट होने से एक जवान की मौत हो गई।
- श्रीलंका के खेलमंत्री रोशन रणसिंघे द्वारा बर्खास्त किए गए देश के क्रिकेट बोर्ड को वहां की अदालत ने बहाल कर दिया।
- पोलैंड इगा स्वीयाटेक ने लंयुक्त राज्य अमेरिका की जेसिका पेगुला को 6-1, 6-0 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल का खिताब दूसरे साल भी जीतकर विश्व का नंबर वन बनीं।

**9 नवंबर**
- छत्तीसगढ़ कांग्रेस ईडी की मनमानी को लक्ष्य कर चुनाव आयोग को शिकायत की। ईडी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ऊपर 508 करोड़ रिश्वत लेने का आरोप लगाया है।
- दक्षिमी म्यांमार के बागी क्षेत्र में बम विस्फोट से चार लोगों की मौत हो चुकी।
- चीन के थेंगश्यांग शहर में दुनिया का पहला बड़े पैमाने पर विज्ञान संग्रहालय खुला।
- बांग्लादेश में डेंगू से 1400 लोगों से अधिक की मौत हो गई।

**10 नवम्बर**
- बिहार विधानसभा में आरक्षण संशोधन विधेयक सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।
- सुप्रीम कोर्ट ने वर्तमान, पूर्व सांसदों और विधायकों से जुड़े आपराधिक मामलों की प्रभावी निगरानी तथा शीघ्र निपटाने का निर्देश दिया।
- पांच राज्यों के चुनाव में भाजपा-कांग्रेस ने उतारे महज 12 फीसदी महिला उम्मीदवार।
- मध्यप्रदेश में कांग्रेस के 53 प्रतिशत दागी, भाजपा ने घटाई दागी उम्मीदवार।

## चुनाव सरकार नहीं, देश को गढ़ने का होना चाहिए

■ अमन नम्र

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम जैसे पांच राज्यों में चुनाव प्रचार जोरों पर है। सत्ता, विपक्ष और सत्ता में आने को लालायित नाना प्रकार की पार्टियां अपने लोकलुभावन वादों से जनता को बहलाने में जुटी हैं। जनता को विकल्प भी इन्हीं में से चुनना है। जल्द ही नई सरकारें चुनी जाएंगी जो अगले पांच सालों तक इनके विकास की बागडोर थामेंगी। इसके तीन-चार महीने बाद लोकसभा चुनाव होंगे और देश की सरकार बनेगी जो भविष्य की दशा और दिशा तय करेगी। सवाल यह है कि क्या यह दशा और दिशा बीते सात दशकों से जारी विकास की मौजूदा अवधारणा से अलग या बेहतर होगी? विषय थोड़ा गंभीर है, पर मौजूं है और हमारे, आपके ही नहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है, इसलिए इस पर विचार करना जरूरी है।

पहले हाल की दो खबरों की सुर्खियां पढ़िए। पहली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अगले पांच साल तक देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन की योजना जारी रहेगी और दूसरी, दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है। अगर पहली सुर्खी की बात करें तो यह तथ्य हमें चुल्लू भर पानी में डूबने पर मजबूर कर देगा कि 76 साल पहले जब देश को आजादी मिली थी, उस समय की आबादी (34 करोड़) की तुलना में आज मुफ्त राशन पाने वाले गरीबों की संख्या दोगुना से ज्यादा है। यह तमाम 'पंचवर्षीय,'' 7 वर्षीय,'' योजना आयोग,' 'नीति आयोग' या कांग्रेस, भाजपा, जनता पार्टी या यूपीए, एनडीए शासित सरकारों के विकास का नतीजा है।

> **कुछ देर ठहरकर अगर हम दो-चार बुनियादी सवालों के जवाब खोजें तो शायद आगे के सफर की दिशा तय करने में आसानी होगी। यह पूछें कि क्या आज देश में गरीबी खत्म हो चुकी है। अगर औद्योगिकीकरण और शहरीकरण का नेहरू का आइडिया सही था तो सात दशक में हर व्यक्ति को संपन्न नहीं, तो कम-से-कम गरीबी की जिल्लत से तो बाहर आ ही जाना था।**

इसी विकास का एक नतीजा दूसरी सुर्खी भी है कि हमारे देश की राजधानी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में टॉप पर है। क्या ऐसा नहीं लग रहा कि हम विकास के नाम पर 76 साल पहले जिस गलत दिशा में मुड़ गए थे, उसी दिशा में अब इतने आगे पहुंच चुके हैं कि विनाश को ही अब हमने विकास समझ लिया है।

इस बात को हम तीन तरह से देख, समझ सकते हैं। आजादी से पहले और आजादी की लड़ाई के दौरान भविष्य के किस भारत की कल्पना की गई थी, मजबूरी में हमने किस तरह का भारत बनाना शुरू किया और जो भारत आज बना उसका भविष्य क्या है। यह कम-से-कम उस भारत की दिशा में जा रहा देश तो कतई नहीं है जिसकी कल्पना और सोच महात्मा गांधी ने की थी। 'हिंद स्वराज' का सपना देखने वाले गांधी कहते थे कि हमारी पहली प्राथमिकता विदेशी राज्य को हटाना है और 'हिंद स्वराज' के लिए अभी जनता तैयार नहीं हो पाई है इसलिए सारी ताकत 'संसदीय स्वराज' दिलाने में लगा देनी है। हमारे हुक्मरानों ने 'संसदीय स्वराज' वाले गांधी को तो याद रखा, पर यह भूल गए कि यह केवल तात्कालिक व्यवस्था थी। गांधी का असली सपना 'संसदीय स्वराज' नहीं, 'हिंद स्वराज' का था। आज हम गांवों को खत्म कर शहरों के दायरे बढ़ाते जा रहे हैं, पर गांधी इसके पूरी तरह खिलाफ थे। शहरों के बढ़ते प्रभुत्व के खिलाफ आवाज उठाने वाले गांधी ने गांवों के संरक्षण की बात कही थी।

यहां यह सवाल पूछा जा सकता है कि अब गांधी कितने प्रासंगिक हैं? जवाब है कि अगर गांधी और उनके विचार प्रासंगिक नहीं हैं तो सरकार आधिकारिक तौर पर उन्हें हटा क्यों नहीं देती। दरअसल गांधी कभी किसी व्यक्ति का नाम नहीं रहा। वह तो आजादी के लिए देश के कोने-कोने में घूमकर लोगों को जागृत करने वाली ऐसी विचारधारा थी जो उस वक्त मिट्टी में ही घुलमिल गई थी और आज भी देश की मिट्टी, हवा, पानी और इसकी आत्मा का अहम हिस्सा है। कम-से-कम आज सात दशक बाद हम थोड़ा सा ठहर कर यह विचार तो कर ही सकते हैं कि अगर देश बनाने का गांधी का ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विचार सही नहीं था तो क्या बड़े बांध और बड़े उद्योगों को 'आधुनिक भारत के मंदिर' कहने वाले नेहरू का मॉडल सही था?

इसे जानने का सबसे आसान तरीका यह है कि हम देखें कि आजादी के समय किस तरह के भारत को बनाने के विकल्प पर विचार किया गया था। गांधी की सोच थी कि भविष्य के समाज का धारण और पोषण यानी समाज का विकास धर्म, बंधुत्व और परिवार भावना से होना चाहिए, नहीं तो देश चलाने के लिए 'शैतानी ताकतों' का सहारा लेना पड़ेगा। उसमें जबरदस्ती होगी, आतंक होगा और उसके समर्थन के लिए आपको राज्य, लोकतंत्र, चुनाव, समाजवाद जैसी कोई-न-कोई प्रतिमा खड़ी करनी होगी।

गांधी ने करीब सौ साल पहले ही आज की हालत की कल्पना कर ली थी। तब उन्होंने समाज गढ़ने के दो विकल्प सुझाए थे, एक - सभ्य समाज, जो स्वतंत्र व्यक्तियों का बना हुआ हो और जिसके धारण, पोषण के लिए कानून, व्यवस्था, राजतंत्र का ढांचा, संविधान आदि हो जिसका दिन-प्रतिदिन विस्तार होता जाए। दूसरा -पारिवारिक समाज, जिसका धारण पोषण पारिवारिक भावना से हो। उसमें संविधान आदि औपचारिक ढांचे की जरूरत दिन-प्रतिदिन कम होती जाए।

आजादी की लड़ाई और आजादी के बाद के शुरुआती वर्षों के दौरान जवाहरलाल नेहरू और महात्मा गांधी के पास भारत के विकास और आर्थिक मॉडल के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण थे। ये मतभेद उनके विशिष्ट वैचारिक और दार्शनिक दृष्टिकोण में निहित थे। नेहरू ने पारिवारिक समाज के बजाय गांधी के पहले मॉडल को चुना, जिसके लिए कानून, राज्य, चुनाव जैसी व्यवस्था और तंत्र खड़ा किया गया। पंडित नेहरू विकास के लिए अधिक औद्योगिकीकृत और आधुनिक दृष्टिकोण में विश्वास करते थे। उन्होंने आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए भारी औद्योगीकरण, वैज्ञानिक अनुसंधान और तकनीकी प्रगति पर जोर दिया। उनका दृष्टिकोण भारत का तेजी से औद्योगीकरण करने और एक मजबूत, केंद्रीकृत और आधुनिक राष्ट्र बनाने की इच्छा से प्रभावित था।

दूसरी ओर, गांधी ने विकास के लिए विकेंद्रीकृत, ग्रामीण-केंद्रित दृष्टिकोण की वकालत की थी। गांधीजी का दृष्टिकोण स्वराज या जमीनी स्तर पर स्व-शासन के विचार में निहित था, जहां गांव आत्मनिर्भर और स्वशासित होंगे। नेहरू का विकास मॉडल पूंजी-प्रधान था, जिसमें बड़े पैमाने पर औद्योगिक परियोजनाओं, भारी मशीनरी और बुनियादी ढांचे में निवेश पर जोर दिया गया था। वहीं, गांधीजी का मॉडल श्रम प्रधान था, जिसमें छोटे पैमाने पर उत्पादन और कृषि गतिविधियों में मानव श्रम के उपयोग पर जोर दिया गया था। वह गरीबी को कम करने और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनता को रोजगार के अवसर प्रदान करने में विश्वास करते थे।

आज सात दशक बाद हम इस पर पुनर्विचार तो कर ही सकते हैं कि आखिर नेहरू के आर्थिक विकास का मॉडल कितना सफल रहा। अगर आर्थिक और ढांचागत विकास के तौर पर देखें तो निश्चित ही देश ने अभूतपूर्व प्रगति हासिल की है। देश की जीडीपी 3 लाख करोड़ से बढ़कर 275 लाख करोड़ के पार पहुंच चुकी है। 1950-51 में आम आदमी की औसत कमाई 274 रुपए सालाना थी, यह अब बढ़कर करीब डेढ़ लाख रुपए सालाना पर पहुंच चुकी है। शिक्षा, तकनीक, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्रों में हमने काफी तरक्की की है। हम चांद पर पहुंच चुके हैं, खुद को विश्वगुरु बताते हैं और अब विकास के कुछ नए प्रतिमान गढ़ने के लिए भी तैयारी जारी है।

यहां कुछ देर ठहरकर अगर हम दो-चार बुनियादी सवालों के जवाब खोजें तो शायद आगे के सफर की दिशा तय करने में आसानी होगी। यह पूछें कि क्या आज देश में गरीबी खत्म हो चुकी है। अगर औद्योगीकरण और शहरीकरण का नेहरू का आइडिया सही था तो सात दशक में हर व्यक्ति को संपन्न नहीं, तो कम-से-कम गरीबी की जिल्लत से तो बाहर आ ही जाना था। प्रधानमंत्री का यह कहना कि अगले पांच साल तक 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त का राशन दिया जाएगा, हमारी विकास की मौजूदा अवधारणा को धराशायी कर देता है।


आज सत्ता और विपक्ष दोनों को ही सत्ता की राजनीति से ऊपर उठकर देश के बारे में सोचना चाहिए। अगर गांधी नहीं चाहिए तो कोई बात नहीं, लेकिन यह भी देखना होगा कि उससे बेहतर हम क्या कर सकते हैं। आज अगर हम देश के हर गरीब को मुफ्त राशन के बजाय आत्मसम्मान से जीने लायक माहौल बना पाएं, महिलाओं को हर महीने मुफ्त की राशि देने के बजाय उनकी मेहनत को सम्मान दे पाएं, बच्चों को अच्छी और सच्ची शिक्षा दे पाएं, हर व्यक्ति को स्वच्छ पानी, साफ हवा और पौष्टिक भोजन मुहैया करा पाएं तो शायद देश के विकास में इससे ज्यादा धार्मिक और सांस्कृतिक योगदान और कोई नहीं होगा। इतिहास ने हमें एक और मौका दिया है कि हम भूतकाल में की गई अपनी गलतियों से सीखें, वर्तमान को सुधारें और भविष्य को गढ़ने में जुट जाएं।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। )**

## आरएसएस और अम्बेडकर:भारतीय राजनीति के दो विपरीत ध्रुव

आरएसएस और अम्बेडकर की विचारधाराएं भारतीय राजनीति के दो विपरीत ध्रुव हैं। जहां अम्बेडकर जाति के विनाश, प्रजातान्त्रिक मूल्यों की स्थापना और सामाजिक न्याय की ओर कदम बढ़ाने के हामी थे वहीं आरएसएस यथास्थिति बनाये रखने और पूर्व-आधुनिक काल के ऊंच-नीच पर आधारित मूल्यों के पुनरुत्थान का पैरोकार हैं। यह विडम्बना ही है कि विचारधारा के स्तर पर अम्बेडकर के धुर विरोधी होते हुए भी आरएसएस के नेता यह दिखाते नहीं थकते कि वे अम्बेडकर का कितना सम्मान करते हैं। वे अम्बेडकर का जन्मदिन मनाते हैं और उनकी पुण्यतिथि पर भी आयोजन करते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि अपने वार्षिक विजयादशमी प्रबोधन (अक्टूबर 24, 2023) में आरएसएस मुखिया मोहन भागवत ने अपने अनुयायियों का आव्हान किया कि वे अम्बेडकर के भाषण पढ़ें, विशेषकर संविधान सभा में दिए गए उनके अंतिम दो भाषण. यही नहीं, भागवत ने अम्बेडकर की तुलना संघ के संस्थापक और उसके प्रथम सरसंघचालक डॉ के.बी. हेडगेवार से कर डाली. आरएसएस समर्थक 'हमारे गौरवशाली अतीत' के नाम पर अम्बेडकर के संघर्ष और उनके प्रयासों का विचारधारात्मक स्तर पर विरोध करते रहे हैं।

सच तो यह है कि आरएसएस का जन्म ही सामाजिक न्याय की मांग की खिलाफत करने के लिए हुआ था। विदर्भ के नागपुर क्षेत्र में गैर-ब्राह्मण आन्दोलन के उभार की प्रतिक्रिया में इस क्षेत्र के जमींदार-ब्राह्मण गठबंधन ने आरएसएस की स्थापना की। महाराष्ट्र में इस गठबंधन को शेठजी-भट्टजी गठबंधन कहा जाता है। दलित जागृति की शुरुआत जोतीराव फुले से हुई, जिन्होंने दलितों को स्कूलों में प्रवेश दिलाने के लिए संघर्ष किया. इस वर्ग में जागृति लाने के काम को अम्बेडकर ने आगे बढ़ाया। उन्होंने 1920 में अपना समाचारपत्र 'मूकनायक' शुरू किया और 1923 में बहुजन हितकारिणी सभा की स्थापना की। इन सब से दलितों का आत्मविश्वास बढ़ा और वे अनके अधिकारों के प्रति जागृत हुए।



राम पुनियानी

> **अंबेडकर के लिए सामाजिक प्रजातंत्र के बिना राजनैतिक प्रजातन्त्र अधूरा था। वे जाति के उन्मूलन के पैरोकार थे। इसके विपरीत, आरएसएस ने 'सामाजिक समरसता मंचों' की स्थापना की है। संघ की दृष्टि में जातियां हिन्दू धर्म का अभिन्न भाग हैं और वे हिन्दू धर्म को मजबूती देती हैं! यही इन दोनों विचारधारात्मक धाराओं में मूल विरोधाभास है।**

सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए अपने संघर्ष के भाग के रूप में अम्बेडकर ने 1927 में पानी के सार्वजनिक स्त्रोतों तक दलितों को पहुंच दिलवाने के लिए चावदार तालाब आन्दोलन किया और उनके मंदिर प्रवेश के समर्थन में 1930 में कालाराम मंदिर आन्दोलन। बाबासाहेब के इन आंदोलनों का आरएसएस ने समर्थन किया हो, ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता। अलबत्ता महात्मा गांधी ने जाति के प्रश्न को अत्यंत गंभीरता से लिया और 1932 के पूना समझौते के बाद कई वर्षों तक दलितों की स्थिति सुधारने के लिए संघर्ष किया।

उस समय आरएसएस हिन्दू राष्ट्र की बात कर रहा था। सावरकर बढ़-चढ़ कर हमें यह बता रहे थे कि भारत में दो राष्ट्र हैं- हिन्दू और मुस्लिम। आरएसएस के हिन्दू राष्ट्र के सिद्धांत की अम्बेडकर ने कड़े शब्दों में आलोचना की। उन्होंने लिखा, 'यह अजीब लग सकता है मगर सच यही है कि श्री सावरकर और श्री जिन्ना एक राष्ट्र बनाम दो राष्ट्र के मसले पर एक-दूसरे के विरोधी होने के बजाय एक-दूसरे से पूरी तरह सहमत हैं। दोनों सहमत हैं- न केवल सहमत हैं वरन जोर देकर कहते हैं- कि भारत में दो राष्ट्र हैं, एक मुस्लिम राष्ट्र और दूसरा हिन्दू राष्ट्र,' (डॉ आंबेडकर की 1940 में प्रकाशित प्रसिद्ध पुस्तक 'थॉट्स ऑन पाकिस्तान' से)।

अम्बेडकर हिन्दू राष्ट्र की परिकल्पना के धुर विरोधी थे। 'अगर हिन्दू राज स्थापित हो जाता है तो वह निसंदेह इस देश के लिए सबसे बड़ी विपदा होगी...हिन्दू राज को किसी भी कीमत पर रोका जाना चाहिए' (बी.आर. अम्बेडकर, 'पाकिस्तान ऑर द पार्टीशन ऑफ़ इंडिया' (1946) पृष्ठ 354-355)। वे बहुसंख्यकवाद, जिसका भारत के सन्दर्भ में अर्थ है बहुसंख्यक हिन्दू समुदाय का राज, के विरोधी थे। और यही भागवत के नेतृत्व वाले आरएसएस की विचारधारा है, जिसका बचाव करते हुए नरेन्द्र मोदी पूछते कि बहुसंख्यकवाद में आखिर बुराई ही क्या है!

संविधान के अंतिम मसविदे के प्रस्तुतीकरण के बाद इसके विरोध में आरएसएस के अनाधिकारिक मुखपत्र 'आर्गेनाइजर' खुलकर सामने आया। उसने भारतीय संविधान पर तीखा हमला बोला। अपने 30 नवम्बर, 1949 के अंक के सम्पादकीय में 'आर्गेनाइजर' ने लिखा, 'भारत के नए संविधान के बारे में सबसे ख़राब बात यह है कि...उसमें कुछ भी भारतीय नहीं है...उसमें प्राचीन भारतीय संवैधानिक कानूनों, संस्थाओं, नामावली और शब्द विन्यास का ज़रा-सा अंश नहीं है।'

आंबेडकर द्वारा तैयार किया गया हिन्दू कोड बिल समाज पर पितृसत्तामकता की पकड़ कम करने और महिलाओं की समानता स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। आरएसएस के नेतृत्व में दकियानूसी ताकतों ने हिन्दू कोड बिल पर ज़बरदस्त हमला किया। आधुनिक भारतीय इतिहास के जानेमाने अध्येता रामचंद्र गुहा लिखते हैं, 'संघ ने हिन्दू कोड बिल को कानून बनाने का विरोध किया क्योंकि इस बिल में हिन्दू महिलाओं को उनकी जाति से बाहर विवाह करने, अपने पति से तलाक लेने और उत्तराधिकार में संपत्ति प्राप्त करने का अधिकार दिया गया था। सन् 1949 में आरएसएस ने इस बिल के खिलाफ पूरे देश में सैकड़ों बैठकें और विरोध प्रदर्शन आयोजित किया। इनमें साधु-संतों को भाषण देने के लिए बुलाया गया।'

संविधान सभा ने संविधान में अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया। इन प्रावधानों को मुंहजुबानी प्रचार के ज़रिये बदनाम किया गया, जिसके नतीजे में 1980-81 में और फिर 1985 में गुजरात में दलित-विरोधी हिंसा हुई। इसी तरह, मंडल आयोग की सिफारिशों का अपरोक्ष रूप से विरोध करने के लिए राममंदिर रथयात्रा शुरू की गई और पार्टी के वरिष्ठ नेता अटलबिहारी वाजपेयी ने कहा कि 'वे मंडल लाये तो हम कमंडल लाए'। यह भी दिलचस्प है कि संघ परिवार ने बाबरी मस्जिद को गिराने के लिए 6 दिसंबर का दिन चुना गया, जो कि आंबेडकर की पुण्यतिथि है। यह इस दिन, जो प्रजातान्त्रिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित करता है, की महत्ता को कम करने का रणनीतिक प्रयास था।

जहां तक धार्मिक अल्पसंख्यकों का प्रश्न है, आंबेडकर उनकी सुरक्षा के लिए समग्र प्रावधान के हामी थे। यद्यपि इन प्रावधानों को कभी पूर्णत: लागू नहीं किया गया मगर उन्हें लागू करने के प्रयासों को भी 'अल्पसंख्यकों का तुष्टिकरण' बताया जाता है। बाबासाहेब बंधुत्व के पैरोकार थे। बंधुत्व का भाव बहुसंख्यकवादी राजनीति का विलोम है। बहुसंख्यकवादी राजनीति तो अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत फैलाती है जिसके नतीजे में हिंसा होती है और समाज का ध्रुवीकरण होता है।

अंबेडकर के लिए सामाजिक प्रजातंत्र के बिना राजनैतिक प्रजातन्त्र अधूरा था। वे जाति के उन्मूलन के पैरोकार थे। इसके विपरीत, आरएसएस ने 'सामाजिक समरसता मंचों' की स्थापना की है। संघ की दृष्टि में जातियां हिन्दू धर्म का अभिन्न भाग हैं और वे हिन्दू धर्म को मजबूती देती हैं! यही इन दोनों विचारधारात्मक धाराओं में मूल विरोधाभास है। हिन्दू बहुसंख्यकवादी राजनीति, जातिगत पदक्रम को नए-नए नामों से बचाए रखना चाहती है। वह भारतीय संविधान में केवल शाब्दिक आस्था रखती है। संघ के चिन्तक कहते हैं कि भारत एक 'सभ्यतागत राज्य' (मनुस्मृति जैसी पवित्र पुस्तकों में निरुपित जातिगत और लैंगिक मूल्यों के प्रतीक) है जिसके लिए संविधान उतना महत्वपूर्ण नहीं है।

आंबेडकर का धुर विरोधी होते हुए भी संघ परिवार केवल नाम के लिए उनका गुणगान करता है। और अब तो वे उन्हें उदृत भी करने लगा है। यह सब केवल वोट हासिल करने की कवायद है।

**( अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया )**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार–समाचार

### कांग्रेस प्रत्याशी ने मुख्य बाजार में पहुंचकर किया जनसंपर्क



**सिरोंज, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंशी द्वारा करीब तीन किमी तक पैदल मुख्य बाजार में दुकान दुकान जाकर समर्थन मांगा। छत्रीनाका चौराहा से कस्टम पथ होते हुए दोनों तरफ दुकानों पर पहुंचकर बड़ चौराहा, कठाली बाजार, सर्राफा बाजार, कपड़ा बाजार, चांदनी चौक पर कांग्रेस नेता सुयोग शर्मा द्वारा केलों से तौला गया। उसके साथ दुकानदारों द्वारा मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। कोर्टगेट, पुराना बस स्टैंड पर जेसीबी मशीन से फूल बरसाकर कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत किया गया और हाजीपुर में नरेन्द्र पाटीदार सहित दुकानदारों द्वारा स्वागत किया। जनसंपर्क का समापन बासौदा नाके पर शाम को हुआ।

### सपा उम्मीदवार ने किया जनसंपर्क



**सिरोंज, देशबन्धु।** समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार असलम गौरी द्वारा स्थानीय छतरी चौराहा से जनसम्पर्क प्रारम्भ कर कस्टम, कटहारी, सराफा, बाजार, चांदनी चौक कोट चौराहा, राज बाजार, पुराना बसस्टेण्ड, हाज़ीपुर बाजार, बालेजा पेट्रोल पम्पसे मंडी बायपास, नवीन बस स्टेण्ड से होते हुए चुनाव कार्यलय पर आकर समापन हुआ। जनसम्पर्क में आनन्द कुमार यादव विधायक उत्तर प्रदेश, डॉक्टर इमरान राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी छात्र सभा, सुम्माया राणा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, सपा जिलाध्यक्ष महेश चंद जैन सहित अनेकों कार्यकर्ता व समर्थक साथ रहे।

### रूसिया के ग्रामीणों ने भाजपा प्रत्याशी के समक्ष जताई संगठन के प्रति निष्ठा



**सिरोंज, देशबन्धु।** कांग्रेसियों के बहकावे में आकर भाजपा छोड़ने की बात कहने वाले ग्राम रूसिया के अनेक कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विधायक उमाकांत शर्मा के निवास पर पहुंचकर संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और ईमानदारी से अवगत कराया। शुक्रवार दोपहर में भाजपा प्रत्याशी उमाकान्त शर्मा के गणेश की अथाई स्थित निवास पर ग्राम रूसिया निवासी पूर्व सरपंच रामदयाल पाल,राम सिंह अहिरवार, दिनेश कुशवाह सहित करीब पचास ग्रामीण पहुंचे। दो दिन पहले इन सभी के कांग्रेस प्रत्याशी के साथ फोटो शोसल मीडिया पर आए थे जिसमें बताया गया था कि इन लोगों ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ले ली है। शुक्रवार को इन सभी ने भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के समक्ष अपनी बात रखते हुए भाजपा संगठन के प्रति निष्ठा अपनी निष्ठा जताई। इन लोगों ने बताया कि कुछ कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यालय पर ले गए और उनके साथ फोटो खिंचवा दिया। हम भाजपा के निष्ठावान सदस्य है और रहेंगे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा का स्वागत किया।

# कांग्रेस सरकार रहती तो नहीं हो पाते विकास कार्य: सिंधिया

▶ भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रभुराम के पक्ष में केंद्रीय मंत्री ने की चुनावी सभा



**रायसेन, देशबन्धु।** धनतेरस पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित महामाया चौक पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सांची विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ. प्रभुराम चौधरी के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित किया। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत देश पूरी दुनिया में एक अलग ही पहचान बनाकर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश की जनता की भलाई के लिए अनेकों कल्याणकारी विकास की योजनाएं चलाकर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रखी है। चाहे लाड़ली लक्ष्मी योजना की बात हो और चाहे लाड़ली बहन योजना हो और चाहे किसान सम्मान निधि हो शिवराज सिंह ने आम जनता के लोगों के लिए बहुत कुछ किया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भाजपा शासन काल की योजनाओं को बंद कर दिया जिससे आम जनता के लोगों को लाभ नहीं मिल सका परंतु जैसे ही हम भाजपा की सरकार में आए और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह बने तो उन्होंनेअनेकों कार्य योजनाएं बनाकर जनता की भलाई के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि हम कभी झूठी घोषणाएं नहीं करते सिंधिया राजघराने का एक उद्देश्य है कि जो कहते हैं वह करते हैं। मैं सांची क्षेत्र के संपूर्ण विकास की गारंटी लेता हूं। सिंधिया ने आम जनता के लोगों से हाथ उठवाते हुए भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर प्रभुराम चौधरी को भारी बहुमत से जिताने का आग्रह किया। सिंधिया ने कहा कि रायसेन में पॉलिटेक्निक कॉलेज की बात हो चाहे आईटीआई कॉलेज की बात हो मेडिकल कॉलेज खुलने की बात हो जिले में अस्पताल का उन्नयन करने की बात हो सांची में सोलर सिटी प्लांट का मामला हो, करोड़ों की सड़क की सौगात हो ऐसे कई काम किए गए हैं जो कांग्रेस की सरकार नहीं कर पाती और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपके प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी आगे चलकर इससे भी ज्यादा विकास के कार्य क्षेत्र में कराएंगे। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने भी चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सांची विधानसभा क्षेत्र को पूरे मध्य प्रदेश में एक विकसित क्षेत्र बना कर रहूंगा मैं आपसे ऐसा वादा करता हूं क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं रहेगी।

जनसभा में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, नरेंद्र सिंह कुशवाह, नगर पालिका अध्यक्ष सविता जमना सेन, एस मुनियन बृजेश चतुर्वेदी, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, बंटी महेश्वरी, भूपेंद्र सिंह वर्मा, राजेंद्र बघेल, जीतू आदित्य शर्मा सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता मंच पर आसीन थे। जनसभा के दौरान बघेल समाज के लोगों ने बड़ी माला के साथ केंद्रीय मंत्री सिंधिया का मंच पर पहुंच कर स्वागत किया।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधानसभा चुनाव को लेकर हुई समीक्षा बैठक

# पर्ची वितरण कार्य की करें निगरानी, न छूटे कोई भी मतदाता : कलेक्टर



**रायसेन,देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन–2023 के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन नोडल अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें कलेक्टर श्री दुबे ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों तथा नोडल अधिकारियों से उन्हें सौंपे गए निर्वाचन दायित्वों, मतदाता पर्ची वितरण, डाक मतपत्र, मतदान केन्द्रों में समुचित व्यवस्थाएं, महिला मतदान केन्द्र, मतदान सामग्री वितरण तथा मतदान सामग्री वापसी हेतु की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी लेते हुए दिशा निर्देश दिए। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से उदयपुरा, सिलवानी और भोजपुर विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारियों सहित एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए। कलेक्टर दुबे ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों से मतदाता पर्ची वितरण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि सभी मतदाताओं के पास मतदाता पर्ची पहुंचे, यह सुनिश्चित करें। बीएलओ द्वारा स्वयं घर–घर जाकर मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जाना है। सभी रिटर्निंग अधिकारी एवं नोडल अधिकारी इसकी मॉनीटरिंग करें। इस कार्य में लापरवाही ना हो। सभी बीएलओ से शत–प्रशित मतदाता पर्ची वितरण होने का प्रमाण पत्र भी लिया जाए।

कलेक्टर दुबे ने मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र भवन में तथा परिसर में स्वच्छता हो। साथ ही निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार मतदान केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध हों। मतदान केन्द्र भवन पर सभी जरूरी जानकारी अंकित हो, यह भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर दुबे ने प्रत्येक विधानसभा में बनाए गए महिला मतदान केन्द्रों के बारे में जानकारी ली। जिले की सभी विधानसभाओं में 10–10 महिला मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इन मतदान केन्द्रों पर मतदान दलों में सिर्फ महिलाओं की ही ड्यूटी लगाई गई है।

बैठक में कलेक्टर दुबे ने मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण एवं मतदान उपरांत सामग्री वापसी हेतु की गई तैयारियों पर भी चर्चा करते हुए दिशा–निर्देश दिए। बैठक में डाक मतपत्र तथा स्वीप गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री विकास शहवाल, सांची विधानसभा की रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, एएसपी कमलेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित सहायक रिटर्निंग अधिकारी तथा नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र उदयपुरा के रिटर्निंग अधिकारी श्री संतोष मुदगल, भोजपुर के रिटर्निंग अधिकारी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव तथा सिलवानी के रिटर्निंग अधिकारी श्री सौरभ मिश्रा सहित संबंधित अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# रंगोली के रंगों में बिखरे दीपोत्सव के रंग, मतदान के लिए भी किया जागरूक



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल में दीपोत्सव के पूर्व कला के विविध रंग बिखरे दिखाई दिए। इस अवसर पर संस्था में नौनिहालों की राम आगमन उत्सव में राम, सीता, लक्ष्मण सहित राम सेना के नायक फेंसी ड्रेस में दिखाई दिए। वहीं नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के छोटे–छोटे नौनिहालों ने रामयुग के सभी पात्रों का रूप धारण किया। इस दौरान छोटे–छोटे बच्चों के खूबसूरत संवाद ने मन मोह लिया। वहीं मीडिल एवं हायर सैकेण्डरी के बच्चों ने रंगोली के रंगों से दीपावली धार्मिक चरित्रों को उभारा वहीं छात्र दल स्वीप अभियान अन्तर्गत आवश्यक मतदान के लिए रंगोली के माध्यम से विशेष आग्रह करते नजर आए। रंगोली प्रतियोगिता में मीडिल स्तर पर कंगना कुर्मी ग्रुप की महिला सशक्तिकरण प्रथम रही। प्रदुम्न ग्रुप के सोलर सिस्टम को दूसरा स्थान पर मिला। सृष्टि भावसार का ग्रुप तीसरे स्थान पर रहा। शिवांशी शिवहरे ग्रुप को सांत्वना पुरस्कार मिला। हायर सैकेण्डरी स्तर पर आस्था जैन ग्रुप प्रथम रहा वहीं दूसरे स्थान पर दिव्यांश चौरसिया ग्रुप एवं तीसरा स्थान शिवा रघुवंशी ग्रुप को मिला। बाकी कई ग्रुपों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, प्रभारी रजनी गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, प्रीति माथुर, सुमन श्रीवास्तव एवं एनएसएस प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान सहित शिक्षक परिवार ने सभी प्रस्तुतियों की जमकर सराहना की एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी।

# दूरस्थ अंचल में मतदाताओं को विधानसभा चुनाव में मतदान के लिए किया प्रेरित




**रायसेन, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन–2023 में जिले में अधिक से अधिक मतदान हेतु जनजागरूकता के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के निर्देशन में स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले के दूरस्थ आदिवासी बहुल अंचल कटक तथा हाथीडोल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों को लोकतंत्र में एक–एक वोट का महत्व बताते हुए आगामी 17 नवम्बर को मतदान केन्द्र जाकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले में विधानसभा निर्वाचन में मतदान करने से कोई भी मतदाता छूटे नहीं, सभी मतदाताओं की लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी हो। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशन में सम्पूर्ण रायसेन जिले में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

# नारा लगाने पर छात्र की पिटाई का आरोप, परिजनों ने की स्कूल पर कार्रवाई की मांग

▶ स्कूल प्रबंधन ने कहा– अनुशासनहीनता करने पर रोका था, एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शहर के एक मिशनरी स्कूल में जय श्री राम का नारा लगाने पर छात्र की पिटाई करने का आरोप लगाते हुए परिजनों और अभाविप ने विरोध जताकर स्कूल पर कार्रवाई करने की मांग की। वहीं स्कूल प्रबंधन पिटाई करने की बात को खारिज की है। संगठन का आरोप है कि स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा था। इसी दौरान छात्र ने जय श्री राम का नारा लगा दिया तो स्कूल के शिक्षक ने मंच पर बुलाकर छात्र की पिटाई लगा दी और सारे बच्चों के सामने छात्र को शर्मिंदा किया। छात्र ने घर पहुंचकर यह बात बताई तो परिजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ भारत माता कॉन्वेंट स्कूल पहुंचे। इस घटना को लेकर अपना विरोध जताकर स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम विजय राय मौके पर पहुंचे और मामले की जांच के लिए शिक्षा विभाग के बीओ और बीआरसी को निर्देश दिया। मामले में स्कूल की प्रिंसिपल रीना का कहना है कि आज हमारे यहां चिलड्रन्स डे का प्रोग्राम हो रहा था। इस दौरान कुछ बच्चों ने नारा लगाया। इसके बाद बच्चों को समझाया गया था कि नारा लगाकर अनुशासन भंग नहीं करना है।

# धान उपार्जन की कठिनाईयों के निराकरण के लिए उप खण्ड स्तरीय समिति गठित

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023–24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जारी नीति के अंतर्गत उपार्जन के दौरान आने वाली कठिनाईयों के निराकरण हेतु कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के आदेशानुसार उप खण्ड स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया गया है।

इस उप खण्ड स्तरीय उपार्जन समिति का अध्यक्ष संबंधित अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को बनाया गया है। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी कृषि, सहकारिता विस्तार अधिकारी, शाखा प्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, गोदाम प्रभारी म.प्र. वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन रायसेन, गोदाम प्रभारी मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड रायसेन तथा सचिव कृषि उपज मण्डी को सदस्य बनाया गया है। इनके अतिरिक्त सहायक/कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है।

यह उप खण्ड स्तरीय उपार्जन समिति खरीफ उपार्जन वर्ष 2023–24 में उपखण्ड स्तर पर खरीफ उपार्जन संबंधी समस्त विवादों का अंतिम निराकरण करेगी तथा उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता की निगरानी भी करेगी।

### बंदियों को विधिक प्रावधानों की जानकारी देकर किया जागरूक

**बैतूल, देशबन्धु।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला जेल बैतूल में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्यायाधीश श्रीमती दीपिका मालवीय, अपर सत्र न्यायाधीश बैतूल एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल, लीगल एंड डिफेंस काउंसलर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला जेल के बंदियों को उनके विधिक प्रावधानों के विषय में जानकारी देकर जागरूक किया गया। शिविर में जेल अधीक्षक श्री योगेन्द्र कुमार तिवारी सहित स्टॉफ मौजूद था।

# विधिक सेवा दिवस पर साक्षरता शिविर आयोजित

▶ मतदान की दिलाई शपथ

**गंजबासौद, देशबन्धु।** विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा विधिक सेवा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुरुवार को सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, गंजबासौदा में तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड रावेंद्र सोनी की अध्यक्षता में एक दिवसीय विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया ।

न्यायाधीश सोनी द्वारा विधि सम्बन्धी कई उपयोगी जानकारियां छात्राओं के साथ साझा की जिनमे बच्चों के लिए अधिकार , बाल श्रम निषेद एवं नियमन अधिनियम 1986 साइबर अपराधों की रोकथाम शिक्षा का अधिकार बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 संविधान के मूल अधिकार एवं कर्तव्य नि:शुल्क विधिक सहायता गरीबी उन्मूलन सम्बधी विभिन्न जानकारिया दी गई ।उक्त आयोजन में विशेष रूप से अधिवक्ता वीरेंद्र राजपूत राजेश सक्सेना रुद्राक्ष सोसाइटी से एवं जिला समन्वयक स्कूल यूनिसेफ से अमित शर्मा समाजसेवी सुनील पिंगलें ने विषय अंतर्गत अपनी व्याख्यान एवं मार्गदर्शन छात्रों को दिए। वहीं स्वीप गतिविधि अंतर्गत पीलव्ही व सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र साहू ने सभी को लोकतंत्र के महा पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चत कर मतदान करने की शपत दिलाई ।कार्यक्रम में आभार वरिष्ठ प्राध्यापक इंदीवर जैन व संचालन डा. अनामिका प्रजापति ने किया ।आयोजन में अधिवक्ता अश्विनी रघुवंशी कुमारी सिंपल कुशवाह , महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहे ।



# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### छात्रा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन



हरदा,देशबन्धु। राष्ट्रीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता में सनफ्लावर स्कूल की छात्रा पलक उइके का चयन राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता हेतु मध्य प्रदेश दल में हुआ है। राजगढ़ में 8 राज्यों से आए खिलाड़ियों में से पलक का चयन हुआ जिसका राष्ट्रीय स्तर पर खेल नासिक महाराष्ट्र में किया जायेगा। छात्रा पलक उईके सनफ्लावर स्कूल की कक्षा 12 कामर्स की छात्रा है। खो-खो में कई बार जिला, संभाग स्तर पर भी विजय प्राप्त की है। विद्यालय की प्राचार्या वर्षा त्रिपाठी ने पलक की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि ये पलक की मेहनत एवं खेल के प्रति रुचि का परिणाम है। पलक के चयन होने पर शिक्षण विकास समिति के अध्यक्ष रवि शंकर अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय जैन, कोषाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, सचिव सुरेश चन्द्र अग्रवाल एवं सह सचिव मनदीप सिंग सलूजा, उप प्राचार्य राजेश जोशी, संपा दत्ता सहित सभी शिक्षकों ने पलक एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए बालिका के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 13 को चुनावी जनसभा लेने राहुल गांधी आएंगे सिराली

**हरदा,देशबन्धु।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने बताया कि 13 नवंबर 2023, सोमवार के दिन हरदा जिले की टिमरनी विधानसभा के सिराली मे दोपहर 12 बजे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, सांसद राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला एक विशाल जनसभा को संबोधित करने एवं कांग्रेस सरकार की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं के बारे मे जनता को जानकारी देने पधार रहे हैं। जिसको लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अवधेश सिंह सिसोदिया के साथ शुक्रवार को सिराली मे सभा स्थल का निरीक्षण किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ओम पटेल ने क्षेत्र की सभी जनता और समस्त कॉंग्रेसजनों से राहुल गांधी की विशाल जनसभा मे उपस्थित होने की अपील की है।

### आज कई गांवों में जनसंपर्क करने पहुंचेंगे खण्डेलवाल

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद-पूर्व विधायक हेमंत खण्डेलवाल 11 नवम्बर को आठनेर मंडल अंतर्गत 8 ग्रामो में सघन जनसंपर्क करेंगे और डोर टू डोर मतदाताओं से मिलकर आशीर्वाद लेंगे। भाजपा प्रत्याशी हेमंत खण्डेलवाल 11 नवम्बर को प्रातः 7.30 बजे से सायं 4.15 बजे तक मांडवी, आठनेर, धामोरी, सांवगी, जामठी, राबड्या, जामापाटी एवं सातनेर ग्रामो में डोर टू डोर जनसंपर्क करेंगे। खण्डेलवाल स्थानीय भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों के साथ उक्त ग्रामों में डोर टू डोर जनसंपर्क कर मतदाताओं से मिलेंगे।

मतदान की तैयारी में जुटा प्रशासन

# स्ट्रांग रूम पहुंची ईवीएम को मतदान के लिए किया तैयार

**मॉकपोल कर किया परीक्षण**

**मुलताई, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए 17 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए प्रशासनिक तैयारियां तेज हो चुकी है, मतदान हेतु नगर के केंद्रीय विद्यालय के पास बने स्ट्रांग रूम पहुंच चुकी ईवीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार किया गया।

स्ट्रांग रूम के सामने बैडमिंटन हॉल में ही मशीनों की कमीशनिंग की कार्यवाही की गई, जो शुक्रवार सुबह 7 बजे से शुरू कर दी गई थी, सुबह यह प्रक्रिया धीमे रफ्तार से शुरू हुई लेकिन देर शाम तक कुल 386 मशीनों की कमीशनिंग की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई। जिसके लिए सभी कर्मचारी अधिकारियो ने मैराथन रेस की तरह लगातार 12 घंटे की कड़ी मशक्कत कर सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक कार्यवाही पूरी की। जिसके बाद 5 प्रतिशत मशीनों पर मॉकपोल के दौरान 50-50 वोट डालकर चैक किया गया, जिसके बाद मशीनों की शील कर दिया गया। कुल 386 ईवीएम मशीनों को मतदान हेतु तैयार किया गया जिसमे से 296 मशीन पोलिंग बूथ के लिए तैयार किया गया, जबकि 90 मशीनों को रिजर्व रखा जाएगा। कमीशनिंग के लिए बैडमिंटन हॉल में 25 टेबल



लगाए गए थे। हालांकि चुनाव आयोग की ओर से आए इंजीनियरों द्वारा बुधवार ही मशीनों में सिंबल लोडिंग कर दी गई थी, शुक्रवार सभी मशीनों में बैलेट पेपर लगाए गए और उन्हें चैक किया गया। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था दिखाई दी। कमीशनिंग की कार्यवाही में देरी या कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए सभी कर्मचारियों के लिए भोजन पानी की व्यवस्था भी वही पर की गई थी। इस अवसर पर मुलताई रिटर्निंग अधिकारी तृप्ति पटैरया, सहायक रिटर्निंग आफिसर अनामिका सिंह, एसडीओपी सुरेश पाल सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उइके के लिए किया जनसंपर्क



**रानीपुर, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उईके के पक्ष में जनसंपर्क किया। ढोल नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता मतदाताओं को कांग्रेस का वचन पत्र, प्रचार सामग्री वितरित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील कर रहे हैं। घोड़ाडोंगरी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल उइके को जीतने के लिए अब कांग्रेस एक जुट होकर चुनाव मैदान में उतर चुकी है। कांग्रेस के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र महतो एवं राजू कहार कि राहुल उइके ने आज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी पदाधिकारी के साथ घोड़ाडोंगरी ब्लॉक के आमढाना, अंनकावाड़ी, घोड़ावाड़ी, रानीपुर, कुही, शाहित क़रीब दो दर्जन से अधिक ग्रामों में, जनसंपर्क किया। कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष नरेंद्र मेहतो घोड़ाडोंगरी के नेतृत्व में रानीपुर के भाजपा सदस्य रमेश राठौर, मुकेश नायक ने कांग्रेस कार्यालय रानीपुर मे कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान राजू काहर,जीवन वर्मा, कुंवरलाल जावलकर,एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## भाजपा महिला मोर्चा ने किया नीतीश की टिप्पणी का विरोध



**मुलताई, देशबन्धु।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा महिलाओं पर की गई टिप्पणी को अभद्र बताते हुए भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने माया नारोलिया के नेतृत्व में नीतीश कुमार का विरोध जताया। भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र रघुवंशी ने बताया कि भारत में नारी की देवी के रूप में पूजा की जाती हैं। शक्ति के रूप दुर्गा, धन के रूप में लक्ष्मी और विद्या की देवी के रूप में सरस्वती की वंदना की जाती हैं। भारतीय सनातन संस्कृति और भारतीय इतिहास में ऐसी कई घटनाएं मिलती हैं जहा नारी शक्ति ने नेतृत्व कर अनेकों उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। रानी लक्ष्मीबाई, रानी अहिल्या देवी, रानी कमलापति,रानी दुर्गावती आदि। इसके साथ वर्तमान में अनेकों नारी शक्ति के द्वारा भारत का गौरव बढ़ाया गया हैं।जैसे भारत की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति माननीय द्रोपदी मुर्मू, सानिया मिर्जा, सानिया नेहवाल आदि। इतना ही नहीं भारत की जय में जो घोष होता हैं वह माता के रूप में भारत माता की जय बोलकर किया जाता है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिस प्रकार बहनों और बेटियों के लिए अमर्यादित अभद्र भाषा का उपयोग किया उसके खिलाफ पूरे देश में भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध जताया है और नीतीश कुमार से तत्काल प्रभाव से उनके इस्तीफा की मांग की हैं।

## पेय जल सुविधा में की गई वित्तीय अनियमितता के लिए भाजपा नेता जिम्मेदार: डागा

**बैतूल बाजार पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसम्पर्क**

**बैतूल, देशबन्धु।** विधायक और कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी नगर पंचायत बैतूल बाजार पहुंचे जहां उन्होंने सघन जनसम्पर्क किया। यहां नुक्कड़ सभा में डागा ने बैतूल बाजार की जनता के साथ भेदभाव किये जाने का सीधा आरोप भाजपा पर लगाया। डागा ने विकास की आड़ में पेय जल सुविधा में की गई वित्तीय अनियमितता को लेकर भाजपा नेताओं को जिम्मेदार बताते हुए कहा कि करोड़ों रुपये खर्च कर दिए गए लेकिन 50 प्रतिशत कमीशन का असर आज बैतूल बाजार के लोग झेल रहे हैं। डागा ने बैतूल बाजार के लोगों से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि अब तक उनसे जो भी काम सम्भव हो सका उन्होंने किया लेकिन अगर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी तो बैतूल बाजार विकास के मामले में पीछे नहीं रहेगा। जनसम्पर्क के दौरान कांग्रेस के लवलेश बब्बा राठौर ने आरोप लगाए कि नगर पंचायत बैतूल बाजार को मिलने वाली सुविधाएं किस तरह से भाजपा सरकार ने छीनी है। बैतूल बाजार की सैकड़ों वर्ष पुरानी प्रसिद्ध बस्ती की रौनक चली गई।



**साबले ने भड़ूस और खेडी में किया जनसंपर्क :** मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस महामंत्री डॉ.विजय साबले ने बैतूल विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा के समर्थन में विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भड़ूस और खेडी में सघन जनसंपर्क किया।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस की जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कांग्रेस के वचन पत्र को जन-जन तक पहुंचाए और जानकारियां दें। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और उनसे इसी प्रकार और मेहनत करने की सलाह दी। उनके साथ जनसंपर्क में सुभाष राठौर, रघुनाथ राने, राजू साबले, मालवी नासेरी, सुभाष पवार, करणसिंह, भीम पवार, राजेश पवार, वागद्रे, कमलेश पाल, अशोक पटेल, लालसिंह, राजकुमार पवार, रमेश महाले, शेख अकिल, धनराज पवार, बाबूलाल पवार, राजकुमार पटेल, गोलू सिंग आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**हर्षवर्धन ने संकल्प पत्र का घर-घर किया वितरण:** आठनेर में कांग्रेस प्रत्याशी निलय डागा के समर्थन में हर्षवर्धन धोटे ने जगह-जगह जनसंपर्क किया। हर्षवर्धन धोटे के साथ सुभाष पोटफोड़े, रामकृष्ण शनीचरे, प्रदीप प्रजापति, रवि अडलक मौजूद रहे। नगर में हर्षवर्धन धोटे ने आमजनता से रू-ब-रू होते हुए अपने चुनावी संकल्प पत्र घर-घर जाकर वितरण किया। कांग्रेस का वचन पत्र वितरित करते हुए हर्षवर्धन धोटे ने भरोसा दिलाया कि हम आपके लिए तत्पर खड़े हैं।

## फीका रहा धनतेरस का बाजार, व्यापारियों को थी अच्छी ग्राहकी की उम्मीद

**सारनी, देशबन्धु।** शुक्रवार को धनतेरस के पावन अवसर पर सारनी,पाथाखेड़ा,शोभापुर और बगडोना के बाजार ग्राहकों का इंतजार करते रहे स्थानीय व्यापारियों को उम्मीद थी कि इस बार वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के कर्मचारियों को बोनस मिला है तो बाजार गुलजार होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की झुग्गी बस्ती क्षेत्र में रहने वाले लोगों के पास रोजगार के संसाधन और रुपए की व्यवस्था न होने के कारण बाजार में रौनक नहीं दिखाई दी। पिछले 20-25 वर्षों से बर्तन की दुकान का संचालन करने वाले दिग्विजय पांडे ने बताया कि इस बार धनतेरस का त्योहार काफी फीका रहा धनतेरस को देखकर सामन खरीदकर दुकान में रखा था लेकिन यहां की रौनक गायब रही। वहीं विद्युत नगरी सारनी के हरीश पाल लंबे समय से मोमबत्ती



के अलावा दीपावली में उपयोग आने वाली सामग्री का विक्रय करते हैं उन्होंने बताया कि इस बार विद्युत नगरी सारनी के 13 वार्डो से सबसे ज्यादा पलायन होने की वजह से इस पलायन और रोजगार के संसाधन पर्याप्त मात्रा में न होने के कारण बाजार से रौनक नदारत रही। यहां तक की स्थानीय व्यापारियों के माध्यम से जो धनराशि अपने पास से लगाकर सामग्री खरीदी वह भी नहीं निकल पाई। शोभापुर कॉलोनी में सबसे भीड़भाड़ वाला क्षेत्र सुपर मार्केट रहता है लेकिन धनतेरस के दिन गिनती के ग्राहक आते जाते दिखाई दिए। शोभापुर कॉलोनी के दया वस्त्र भंडार के संचालक दीपक शिवहरे ने बताया कि जो उम्मीद थी वैसे बाजार में ग्राहकी नहीं रही। महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 36 बगडोना के हवाई पट्टी में लगे पटाखे की दुकान पर भी इस बार रौनक ना के बराबर थी।

## घर में दिखा जहरीला कोबरा तो मचा हड़कंप

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के समीप ग्राम चिखली खुर्द निवासी बबिता भुमरकर के घर मैं कोबरा सांप के रूप में मौत छुपी बैठी थी। गुरुवार रात खाना खाने जा रहे बुजुर्ग को घर में सांप दिखाई दिया, जिसके बाद पूरे घर में हड़कंप मच गया। सांप निकलने की जानकारी लगते ही परिजनों ने सर्प मित्र मोनू तायवाड़े को फोन पर इसकी सूचना दी। जिसके बाद सर्पमित्र मौके पर पहुंचे और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। उन्होंने बताया की यह 5 फीट लम्बा सांप था। यह इंडियन सस्पेक्टिकल्ड कोबरा कहलाता है, जो बहुत ही विषैला होता है। जिसके विष में न्यूरोटोक्सीन वेनम पाया जाता है जो किसी भी व्यक्ति को मृत्यु तक पहुंचा सकता है। इस सांप का साइंटिफिक नाम नाजा नाजा है यह भारत में सबसे ज्यादा लोगों की सर्प दंश से होने वाली मौत का कारण बनता है। अक्सर घर, झाड़ी, खेत इस तरह की जगह पर पाया जाता है। इसका मुख्य भोजन चूहे और मेंढक होते हैं और इसके अलावा यह कभी-कभी पक्षियों के अंडे, मुर्गियों के अंडे और पक्षियों को को भी खा लेता है।



## प्रतिबंध के बावजूद बिक रही पीओपी की प्रतिमाओं को नपाकर्मियों ने किया जप्त



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में दीपावली के अवसर पर विभिन्न चौक चौराहों पर माता लक्ष्मी की प्रतिमाओं के विक्रय के लिए दुकानें लगाई गई थी, जिनमें से कुछ दुकानों पर प्रतिबंधित पीओपी की प्रतिमाएं भी बेंची जा रही थी, जिसकी शिकायत मिलने पर शुक्रवार नगर पालिका की टीम ने बाजार जाकर पीओपी से बनी मूर्तियां जप्त की। नगर पालिका की कार्रवाई से मूर्तिकारों में हड़कंप व्याप्त है। इस कार्रवाई में नगर पालिका के कर्मचारी अमरलाल कवड़े ने बताया कि टीम द्वारा बाजार जाकर मूर्तिकारों को चेक किया गया, नगर पालिका की टीम जब बाजार पहुची तो कुछ मूर्तिकारों ने बाजार से पीओपी से बनी मूर्तियां हटा ली। नगर पालिका की टीम ने पीओपी से बनी कई मूर्तियां जब्त कर कार्रवाई की है।

### मूर्तिकारों ने प्रतिबंध लगाने सौपा था ज्ञापन

तीन दिन पहले मूर्तिकार कमलेश प्रजापति,धनराज प्रजापति, उमेश प्रजापति, पंकज प्रजापति सहित अन्य लोगों ने एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में बताया था कि मां ताप्ती की पवित्र नगरी मुलताई में कुछ मुर्तिकारों द्वारा पी.ओ.पी. की मूर्तियां बनाई जाती है, तथा कुछ लोग अन्य स्थानों से लाकर विक्रय करते है।

मुलतापी के मूर्तिकार अपने जीवन यापन तथा नगर में स्वच्छता निवारण, प्रदूषण मुक्त रखने के लिये मिट्टी की मूर्तियां बनाकर अपना जीवन यापन करते है। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पी.ओ. पी. की भगवान गणेश, मां दुर्गा एवं मां लक्ष्मी एवं अन्य देवी देताओं की प्रतिमाओं के निर्माण पर प्रतिबंध लगाया है।

मतदाता जागरूकता को लेकर खेलों का आयोजन

## नपा अधिकारियों ने प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत





**सारनी,देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को लेकर आगामी 17 नवंबर अधिक से अधिक लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान करें इसके लिए नगर पालिका द्वारा भारत निर्वाचन आयोग, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार स्वीप प्लान के तहत जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को हाई स्कूल मैदान सारनी में क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमें नपाए एवं नपा-बी टीमों के बीच मैच हुआ। नगर पालिका -बी टीम विजयी रही।स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान में नगर पालिका परिषद सारनी द्वार शुक्रवार 10 नवंबर को हाई स्कूल मैदान सारनी में सुबह 11 बजे से नगर पालिका-ए एवं नगर पालिका-बी टीमों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के.मेश्राम ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया।टॉस जीतकर नपा-बी टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नपा ए टीम के सामने 109 रनों का लक्ष्य रखा। निर्धारित 12 ओवरों के मैच में जवाबी पारी खेलने उतरी नपा-ए टीम शुरूआती दौर से ही लड़खड़ा गई।आखिर में नपा - बी टीम ने यह मैच 31 रनों से जीत लिया। इसके बाद यहां कबड्डी का मैच खेला गया। इसमें सारनी स्पोर्ट्स एवं समर कैंप के खिलाड़ियों के बीच मैच हुआ। समर कैंप यह मैच जीत गया। वालीबाल एवं बास्केटबाल की स्पर्धाओं में केंद्रीय विद्यालय सारनी के बच्चों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों पुरस्कृत किया गया। नगर पालिका की ओर से सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर,विनायक बागड़े,सुखदेव बोरहपी सहित अन्य लोगों ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। लिटिल फ्लावर स्कूल पाथाखेड़ा एवं देहली पब्लिक स्कूल में गीत गायन व कन्या स्कूल सारनी में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी,रंजीत डोंगरे,सहायक निराकार सागर, कीर्ति नायक आदि मौजूद रहे।

## सार समाचार

### असम के मुख्यमंत्री नर्मदापुरम, शिवराज आज पिपरिया आएंगे



**इटारसी, देशबन्धु।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा विधानसभा नर्मदापुरम के भाजपा प्रत्याशी डॉ.सीतासरन शर्मा के समर्थन में कल प्रात: 11 बजे उपभोक्ता भंडार के सामने इंदिरा चौक पर एवं विधानसभा सिवनी मालवा के भाजपा प्रत्याशी प्रेम शंकर वर्मा के समर्थन में डोलरिया में दोपहर 1 बजे बस स्टैंड सेमरी रोड पर जनसभा को संबोधित करेंगे। जिला मिडिया प्रभारी अमित माहाला ने बताया कि इसी तरह से मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विधानसभा पिपरिया के भाजपा प्रत्याशी ठाकुरदास नागवंशी के समर्थन में कल प्रात: 9:30 बजे इतवारा बाजार दशहरा मैदान पर विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मां नर्मदा स्कूल में दीवाली उत्सव रंगोली और दीया सजाओ प्रतियोगिता हुई



**इटारसी, देशबन्धु।** गोंची तरोंदा रोड स्थित मेहरागांव के मां नर्मदा स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जा रही है। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से यूकेजी के छात्रों के लिए फन रंगोली क्राफ्ट का आयोजन किया, जिसमें शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों ने रंगोली बनाई। बड़ी कक्षाओं के बीच रंगोली एवं दीया सजाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों के अभिभावकों के लिए रंगोली एवं थाली डेकोरेशन की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बहुत से अभिभावकों ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने केक काटकर और फटाके फोड़कर दीवाली उत्सव बड़े हर्ष -उल्लास के साथ मनाया जिसमें शिक्षिकाएं सीमा कैथवास, आरती लौवंशी, पूजा मेहरा, पूजा विश्वकर्मा, अनामिका घिडोड़े, प्रीति झांझोट, दीप्ति सचान, शिल्पी गौतम, रोशनी यादव, सोनाली सिंग, मीना कुशवाह, पूजा राजपूत और कविता पाराशर मौजूद थीं। स्कूल संचालक श्रीमती अनिता अग्रवाल एवं कृति अग्रवाल के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

### विधानसभा चुनाव : ग्रामीण इलाकों में तमिलनाडु पुलिस ने निकला फ्लैग मार्च



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बनखेड़ी क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से बनखेड़ी पुलिस के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में फ्लैग मार्च निकाला गया। थाना प्रभारी सुधाकर बारास्कर ने बताया कि गुरुवार को सुबह 9 से 12 बजे और शाम 4 से 8 बजे तक 2 पाली में तमिलनाडु पुलिस की बटालियन के 80 पुलिस के जवानों ने अलग-अलग फ्लैग मार्च निकाला। उन्होंने बताया कि चुनाव के समय अपराधियों में भय और जनमानस में सुरक्षा को लेकर शांति स्थापित के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी बारास्कर ने बताया कि बनखेड़ी थाना क्षेत्र के बनखेड़ी कस्बा, उमरधा, चांदोन, पीपरपानी, मुर्गी ढाना, पालिया पिपरिया, जुन्हेटा, समनापुर, बाचावानी, आन्हाई, दहलवाडा आदि ग्रामों में फ्लैग मार्च निकाला।

# धनतेरस पर चमका बाजार, जमकर हुई खरीदारी

**इटारसी, देशबन्धु।** दीपावली त्योहार का बाजार धनतेरस से चमक उठा है। पांच दिवसीय दीप पर्व के पहले दिन धनतेरस पर बाजार में जमकर ग्राहकी हुई। खासकर सराफा, बर्तन, इलेक्ट्रानिक, इलेक्ट्रिकल्स, आटो मोबाइल की दुकानों पर ग्राहकी अच्छी रही। समय पर फसल आने और मंडी में अनाज बिक जाने के बाद ग्रामीण ग्राहकी भी इस बार अपेक्षाकृत ठीक रही है।

आज सुबह से ही व्यापारियों ने धनतेरस को लेकर तैयारी प्रारंभ कर दी थी। बर्तन बाजार में तांबे के बर्तन, पूजा थाली, कुकर, गिलास, कटौरी, चम्मच सहित अन्य बर्तनों की अच्छी मांग रही है। धनतेरस पर बर्तनों की खरीदारी का महत्व है। आज दोपहर बाद से लोग खरीदारी के बाजार में निकल पड़े थे। बाजार में बर्तन, चांदी के सिक्कों, सोने के जेवर, वाहनों के अलावा रंग बिरंगी झालरों, रंगोली, इलेक्ट्रानिक दीयों और मूर्तियों की खरीदारी भी हुई। लक्ष्मी-गणेश की मिट्टी की मूर्तियां और इलेक्ट्रानिक दीयों की खासी डिमांड रही।

बता दें कि धनतेरस पर नये बर्तन, मूर्तियां, गहने खरीदने का शगुन होता है। इसमें महिलाएं अपनी सामर्थ्य के अनुसार कुछ न कुछ जरूर खरीदतीं हैं। ग्राहकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर बाजार से अपनी जरूरत के हिसाब से बर्तनों की जमकर खरीदारी की।



### इलेक्ट्रानिक्स झालरों से जगमग हुआ बाजार

धनतेरस और दीपावली को लेकर बाजार में रंग-बिरंगी झालरों से जगमगाने लगा है। जिसम बंदरवार झालर, इलेक्ट्रॉनिक झालरें ग्राहकों को खूब भा रही है। दुकानदारों ने त्योहार को भुनाने बड़ी तादाद में अपनी दुकानों में स्टॉक कर सजा लिया है।

### श्री गणेश-लक्ष्मी मूर्तियों की अधिक डिमांड

त्योहार पर विशेष रूप से श्री गणेश-लक्ष्मी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। लिहाजा त्योहार पर मिट्टी और पीओपी से बने श्री गणेश-लक्ष्मी और अन्य मूर्तियां बड़ी संख्या में बिक्री के लिए लाई गई हैं। जिसमें श्री गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियां अधिक बिक रही हैं।

## दीवाली पर भी नहीं मिली तनख्वाह, सफाई कर्मचारियों की हड़ताल



**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को दीपावली जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर भी वेतन नहीं मिलने से उन्होंने हड़ताल कर दी जिससे सफाई व्यवस्था चौपट हो गयी।

रेलवे स्टेशन पर रवि सिक्योरिटी कंपनी के माध्यम से रेलवे के लिए कार्यरत सफाईकर्मियों को वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियों ने नाराजी जताते हुए अधिकारियों को शिकायत की। कर्मचारियों का कहना था कि हमारी समस्या पर स्टेशन प्रबंधन, ठेकेदार और स्वच्छता निरीक्षक किसी ने ध्यान नहीं दिया। दीपावली जैसे बड़े त्योहार के वक्त हमारे हाथ खाली हैं, हर माह वेतन की समस्या आ रही है। कंपनी समय पर हमारी मेहनत का पैसा नहीं दे रही है। इस साल दीवाली के मुख्य त्योहार पर भी स्टेशन पर कार्यरत सफाई कर्मचारी वेतन को मोहताज हैं। इन कर्मचारियों को रवि सिक्योरिटिज नाम की कंपनी ने ठेका लेकर सफाई काम में लगाया है। करीब एक सैकड़ा कर्मचारी इस ठेका व्यवस्था के तहत सफाई काम से जुड़े हैं, लेकिन पिछले ढाई महीनों से इनको वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों को आस थी कि दीवाली पर तीन माह का वेतन मिल जाएगा, लेकिन शुक्रवार को भी वेतन नहीं दिया गया।

महिला कर्मचारियों ने बताया कि दो दिन का त्योहार है, लेकिन रुपये न होने के कारण हम कैसे खुशियों भरा त्यौहार मनाएंगे। हमारी चिंता रेलवे अधिकारियों को ही नहीं है। ठेकेदार और रेलवे के भुगतान विवाद में हमारा नुकसान हो रहा है। शुक्रवार को वेतन न मिलने से नाराज कर्मचारियों ने जंक्शन की सफाई नहीं की, इस वजह से जगह-जगह कचरे के ढेर नजर आए, इससे यात्रियों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा।

कलेक्टर एसपी ने पिपरिया और सोहागपुर में ली सेक्टर अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों की बैठक

## मतदान के 72 घंटे पूर्व के प्रोटोकॉल का पालन करने के दिए निर्देश



**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन की तैयारियों के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर और पिपरिया में सेक्टर अधिकारियों और सेक्टर पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। सबसे पहले विधानसभा क्षेत्र सोहागपुर के जनपद कार्यालय में उसके बाद विधानसभा क्षेत्र पिपरिया के पीजी कॉलेज में बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर श्री सिंह ने सभी सेक्टर अधिकारियों को प्रमुख रुप से मतदान दिवस 17 नवंबर के 72 घंटे पूर्व की जाने वाली गतिविधियों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को शांतिपूर्ण और सुचारू ढंग से संपन्न कराने में सेक्टर अधिकारियों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर ही 16 नवंबर को रात्रि विश्राम करेंगे। कोई भी मतदान कर्मी अपने मतदान केंद्र के अलावा अन्यत्र विश्राम नहीं करेगा। मतदान कर्मी ईवीएम मशीन सहित निर्वाचन संबंधी सामग्री की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। ईवीएम मशीनों की सुरक्षा की जिम्मेदारी मतदान दल की होगी। ईवीएम मशीनों को किसी भी हालत में छोड़ना नहीं हैं।

उन्होंने सेक्टर अधिकारी और सेक्टर पुलिस अधिकारियों को मतदान केंद्रों का सतत भ्रमण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्रिटिकल मतदान केंद्रों में भी सतत भ्रमण कर मतदाताओं में निर्भीक और स्वतंत्र होकर मतदान करने के लिए विश्वास उत्पन्न करें। 15 नवंबर को सेक्टर को बल उपलब्ध करा दिया जाएगा। केंद्रों पर 72 घंटे पूर्व के प्रोटोकॉल का पालन किया जाना सुनिश्चित कराएं।

चुनाव ड्यूटी में लगे 3822 अधिकारी-कर्मचारियों ने किया मतदान, पोस्टल बैलेट से डाले वोट

## 1538 दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं ने भी किया मताधिकार का प्रयोग



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन के दौरान चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया गया। चुनाव ड्यूटी में लगे शासकीय सेवकों से प्रशिक्षण के दौरान सभी विधानसभाओं में मतदान सुविधा सेंटर स्थापित कर पोस्टल बैलेट से मतदान कराया गया। इसके साथ ही 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के मतदाता तथा दिव्यांगजनों ने घर-घर जाकर मतदान कराया गया।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार जिले की चारों विधानसभा से कुल 3822 शासकीय सेवकों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से मताधिकार का उपयोग किया। सिवनीमालवा विधानसभा में 564 शासकीय सेवकों, होशंगाबाद में 1767 , सोहागपुर में 754 तथा सिवनीमालवा में 737 शासकीय सेवकों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे मतदाता जिनकी आयु 80 वर्ष या उससे अधिक है, उन्हें तथा दिव्यांगजनों को घर से मतदान कराने के निर्देश पर मतदान दलों द्वारा घर-घर जाकर मतदान कराया गया। जिले की चारों विधानसभा में कुल 1538 बुजुर्ग मतदाताओं और दिव्यांगजनों ने घर से मतदान किया। जिसमें सिवनी मालवा विधानसभा अंतर्गत 563 वृद्ध एवं 186 दिव्यांग, होशंगाबाद विधानसभा अंतर्गत 170 वृद्ध एवं 64 दिव्यांग, सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत 280 वृद्ध एवं 43 दिव्यांग तथा पिपरिया विधानसभा अंतर्गत 185 वृद्ध एवं 47 दिव्यांग ने मतदान किया हैं।

# राम मंदिर का भाजपा ले रही राजनीतिक लाभ : नीखरा



**सोहागपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रामेश्वर नीखरा ने कहा कि भाजपा राम मंदिर के निर्माण का राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है, जबकि अयोध्या में श्री राम मंदिर का निर्माण उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद हो रहा है। वह चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने पत्रकार वार्ता में यह बात कही। पूर्व सांसद श्री नीखरा ने कहा कि अब लोग भाजपा के शासन से ऊब चुके हैं, किसानों के साथ ही कर्मचारी और व्यापारी भी अब बदलाव चाहते हैं, यही वजह है कि बदलाव की बयार चल रही है। उन्होंने कहा कि जनसम्पर्क के दौरान यह बात देखने को मिली कि कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज पटेल को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। श्री नीखरा ने कांग्रेस प्रत्याशी श्री पटेल के साथ शुक्रवार को बाबई के बुधवाडा सिरवाड़ा गाजनपुर रोपुरा मालनवाड़ा खीड़िया चीचली का दौरा भी किया।

श्री नीखरा ने कहा कि भाजपा महंगाई कर्मचारी वर्ग को मुद्दा बनाकर चुनाव जीती और अब मंहगाई का आलम यह है कि कांग्रेस के समय साढ़े 3 सौ में मिलने वाला रसोई गैस सिलेंडर 1130 रुपये में मिल रहा है। पेट्रोल के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। प्याज जैसी रोजमर्रा की जरूरत की चीज की कीमत सौ रुपये हो गई है। पूर्व सांसद ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सोहागपुर विधानसभा के बाबई में चुनाव प्रचार के लिए आई थी यह महिला मंत्री गैस के दामों को लेकर गैस सिलेंडर के साथ सड़क पर बैठ जाती थी पर अब इनको गैस महंगी दिखाई नहीं देती। मुख्य चुनाव कार्यालय तो प्रचार-प्रचार में लगा हुआ है ही, वहीं बाबई, सेमरी हरचंद, सोहागपुर और शोभापुर में ब्लॉक कांग्रेस और नगर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता मतदाताओं के बीच पहुंच रहे हैं। वह गांव-गांव में अपने प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं। आज भी नगर के मुख्य बाजार में कांग्रेस के लिए वोट मांगे गए भाजपा ने मुख्य बाजार में सहित विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार किया।

**पूर्व सविता के भाजपा में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा :** प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री नीखरा ने पूर्व विधायक सविता दीवान के भाजपा में जाने को अनापेक्षित बताया। श्री नीखरा ने कहा कि सविता के पिताजी मेरे बड़े भाई के समान थे। उन्होंने भाजपा और जनसंघ के खिलाफ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सविता को भाजपा में नहीं जाना चाहिए था, हालांकि उनके जाने से कांग्रेस पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। कांग्रेस प्रत्याशी बहुमत से जीत रहे हैं।

## वंशकार समाज ने आरती उतारकर किया कांग्रेस प्रत्याशी का स्वागत



पिछले 20 वर्षों से नर्मदापुरम के सोहागपुर में भाजपा का शासन रहा है 2003 में स्वर्गीय मधुकर राव हर्णे भाजपा के विधायक बने थे, अब विजयपाल विधायक है। तकरीबन 20 वर्षों से एक ही पार्टी की सत्ता होने से उपजे असंतोष और अपने समीकरण बैठाकर कांग्रेस इस बार विजय की ओर अग्रसर है। इस बार कांग्रेस प्रत्याशी विधानसभा की क्षेत्रवार समस्याओं को मुद्दा बनाते हुए अपना प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। बुधवार सुबह वंशकार समाज ने पुष्पराज का स्वागत किया। बच्चियों ने आरती उतारी तिलक लगाया, पटेल ने कहा कि क्षेत्र में अनेकों ऐसी समस्याएं हैं जिनका समाधान भाजपा नहीं कर पाई किसानों से संबंधित यूरिया की समस्या पिछले कई वर्षों से बनी और किसान परेशान हुआ। पुष्पराज ने कहा कि किसानों ने निर्धारित दम से अधिक पैसे देकर यूरिया और डीएपी खरीदा भाजपा के बिचौलियों ने ओने-पौने दावों पर फसल खरीदकर मोटा मुनाफा कमाया। मूंग खरीदी में भाजपा के लोगों ने मलाई खाई इस समस्या को लेकर उन्होंने कई बार किसानों की समस्या को लेकर सड़क पर धरना प्रदर्शन चक्काजाम आंदोलन किए है। जन आंदोलन के चलते उन पर कई मुकदमे दर्ज हुए बिजली के बिल मनमाने तरीके से वसूले जा रहे है महंगाई अपने चरम पर है।

दुर्गा नवग्रह मंदिर पर हुआ कार्यक्रम

## अपराध मुक्त क्षेत्र के लिए डॉ शर्मा को महिलाओं ने दिया धन्यवाद



**इटारसी, देशबन्धु।** डॉ साहब, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। आपके विधायक होने से हम इस क्षेत्र में दिन रात बेफिक्र होकर घूम सकते हैं। अब यहां कोई जबरन अड़ीबाजी नहीं करता। अब कोई गलत नजर और गलत नीयत से महिलाओं की तरफ आंख नहीं उठाता। हम सभी की तरफ से आपको बहुत सारा स्नेह और आशीर्वाद है। यह भावनात्मक और दिल को छू लेने वाली बातें शुक्रवार को श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर परिसर में आयोजित अभिनंदन समारोह में करीब पांच सौ से अधिक महिलाओं ने भाजपा विधायक एवं प्रत्याशी डॉ सीतासरन शर्मा से कही।

मंदिर समिति द्वारा क्षेत्र में अपराधियों से मुक्ति के लिए डॉ शर्मा के जनसंपर्क के दौरान विधानसभा क्षेत्र का ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में महिलाओं सहित करीब दो हजार से अधिक नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ शर्मा को तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर एवं पुष्प वर्षा करके आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी डॉ शर्मा ने आगामी विधानसभा चुनावों में नागरिकों से उनके एवं भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे के निवास पर सुपुत्री कुमारी प्राची पगारे ने विजय तिलक लगाकर, पुष्पहार पहनाकर डॉ शर्मा का स्वागत किया।

जनपद नर्मदापुरम अंतर्गत 32 ग्राम पंचायतों में हुआ मतदाता जागरूकता अभियान

## मतदाता जागरूकता को लेकर हुआ मैत्री महिला क्रिकेट मैच



**इटारसी, देशबन्धु।** जिले में विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियां जारी हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह व सीईओ जिला पंचायत सोजान सिंह रावत के मार्गदर्शन में संचालित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज जनपद पंचायत नर्मदापुरम में 32 ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया।

मतदाताओं को जागरूक करने महिला क्रिकेट मैच, खेल प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता, सायकल रैली, जागरूकता रैली शपथ आदि गतिविधियां की गई। गतिविधियों में सबसे रोचक गतिविधि मैत्री महिला क्रिकेट मैच रहा जो कि ग्राम पंचायत मेहरागांव, ब्यावरा, जासलपुर एवं बीसारोड़ा में आयोजित किया। ग्राम पंचायत मेहरागांव में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत हेमंत सूत्रकार एवं ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर भी उपस्थित रहे। नयायार्ड में आयोजित इस मैच में नयायार्ड टीम एवं मेहरागांव की टीम शामिल हुई। जिसमें नयायार्ड टीम विजेता रही।

नीतू विनेकिया के नेतृत्व में इस टीम ने पहले बेटिंग करते हुये 54 रन बनाये एवं मेहरागांव जिसमें बोरतलाई की महिलायें भी शामिल थीं। टीम को 55 रन बनाने का लक्ष्य दिया। लक्ष्य प्राप्त करने के लिये मोनिका चव्हाण के नेतृत्व में टीम केवल 43 रन ही बना पाई। मैच के आयोजन में सेक्टर अधिकारी के के मेहरा, सचिव योगेश गौर एवं सहायक सचिव जितेन्द्र पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

यार्ड की टीम में नीतू विनेकिया, स्वाति, छाया सौलकी अंजू भार्गव, विमला चौरे, माया, ज्योति रक्षा, मनीषा, सुनीता नागे नेहा गांवडे छाया साहू वंदाना शामिल रही वहीं मेहरागांव टीम में मोनिका रामवती, रत्नमाला ममता, सुखयती राजवती, कौशल्या, सुमन, सीमा, नीलम, प्रीति, गोमी रेखा विश्वकर्मा पूजा चौरे एवं विनीता शामिल थीं।

केंद्रीय मंत्री तोमर व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने भिंड के नयागांव में की सभा, बोले-

# कांग्रेस कहे तारे तोड़कर ला देंगे, तो विश्वास करोगे क्या



- कांग्रेस और उसके नेता देते हैं झूठी गारंटी
- बसपा का हाथी उप्र में हांफ रहा, मप्र में क्या कर पाएगा

**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कांग्रेस को लेकर कहा कि जो लोग बरसों तक सत्ता में रहने के बाद भी सड़क, बिजली और पीने का पानी नहीं दे सके, आज अगर वो कहें कि हम आसमान से तारे तोड़कर ला देंगे, तो विश्वास करोगे क्या? वहीं उन्होंने बसपा के संबंध में कहा कि बसपा का हाथी उत्तरप्रदेश में हांफ रहा है वो मध्यप्रदेश में क्या कर पाएंगे।

यह बात केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक श्री तोमर शुक्रवार को भिंड के नयागांव में आयोजित जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। श्री तोमर ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 9 सौ वचन दिये थे, लेकिन उनमें से 9 वचन भी पूरे नहीं किए। कांग्रेस ने कहा था किसानों का दो लाख रुपये तक का कर्ज माफ कर देंगे, किया क्या? कांग्रेस ने कहा था बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देंगे, किसी युवा को दिया क्या? कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कहा था कि अगर दस दिनों में किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ, बेरोजगारी भत्ता नहीं मिला, तो मैं 11 वें दिन मुख्यमंत्री बदल दूंगा, उन्होंने बदला क्या? कांग्रेस के राज्य के नेता झूठे और केंद्र के नेता भी झूठे। इसका मतलब है कांग्रेस झूठ की गारंटी है। श्री तोमर ने कहा कि 2003 में जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी, तो उस समय राज्य सरकार के मंत्री के रूप में जिले के किसी गांव में डामर की पहली सड़क बनवाने का काम मेरे द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेयी ने देश के प्रधानमंत्री के रूप में प्रत्येक गांव को सड़कों से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बनाई थी और उनकी इस योजना के अंतर्गत 6 लाख गांवों को सड़कों से जोड़ा गया। श्री तोमर ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 3 लाख करोड़ की लागत वाले जल जीवन मिशन शुरू किया है, जिसमें हर घर में नल से जल से पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रत्याशी नरेंद्र सिंह कुशवाहा ने प्रदेश के मंत्री और विधायक के रूप में जितना काम किया है, उतना आजादी के बाद से अभी तक के सारे विधायकों ने मिलकर भी नहीं किया होगा। सभा को सांसद श्रीमती संध्या राय और स्थानीय पार्टी प्रत्याशी नरेंद्रसिंह कुशवाहा ने भी संबोधित किया। सभा के दौरान श्री तोमर एवं श्री शर्मा ने भाजपा की सदस्यता लेने वाले सरपंच रामू कुशवाहा और पप्पू भाई का अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर जयप्रकाश राजौरिया, जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया, चुनाव प्रबंधन समिति के जिला संयोजक केशव सिंह भदौरिया, रवि सेन जैन, संजीव कांकर, डॉ रमेश दुबे, मायाराम शर्मा, ओमप्रकाश पुरोहित, आनंद बरुआ, अमृतपाल सिंह बघेल, पूर्व जिला महामंत्री सुंदर पाल सिंह, राजावत जण्डेल सिंह, अनिल कटारे, अनिल सिंह कुशवाह, उपेंद्र राजौरिया, अमित दुबे, सरोज जोशी, श्रीमती ज्योति बौहोरे, अशोक सिंह कुशवाहा, शैलेश नारायण सिंह कुशवाह मौजूद रहे।

### जनता फिर वह दौर नहीं देखना चाहेगी : शर्मा

सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में चंबल क्षेत्र दुरावस्था के दौर से गुजरा है। डकैतों का इतना आतंक था कि शाम 6 बजे के बाद कोई घर से बाहर नहीं निकलता था। 2003 में भाजपा की सरकार बनी, इसके बाद से ही ग्वालियर-चंबल क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश का विकास किया गया। लेकिन गलती से 15 माह के लिए कमलनाथ मुख्यमंत्री बन गए थे, तो प्रदेश को फिर उसी दुरावस्था में ले जाने का कार्य कर रहे थे। आप लोगों ने भी 15 माह के कमलनाथ के शासनकाल को भी देखा है। प्रदेश की जनता फिर वह दौर नहीं देखना चाहेगी। मध्यप्रदेश की जनता से कांग्रेस पार्टी और कमलनाथ को कोई सरोकार नहीं है। मिस्टर बंटाढार और करप्शन नाथ से मध्यप्रदेश को बचाने और भारत के स्वाभिमान व देश की सुरक्षा के लिए भाजपा को जिताएं।

# कांग्रेस नेता आज मनाएंगे 'अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली'



**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता दीपोत्सव के पर्व को सामूहिक रूप से मनाएंगे। पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती सुप्रिया श्रीनेत, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मप्र कांग्रेस 'अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली' थीम के साथ एक आयोजन को आकार दे रही है, जिसमें प्रदेश की बहनें कांग्रेस के वचनों के साथ कांग्रेस सरकार मप्र में लाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करेगी। इस आयोजन में आमजन भी सहभागिता करेंगे। श्रीमती श्रीनेत ने बताया कि यह आयोजन भोपाल में 11 नवम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से तलैया स्थित काली मंदिर चौराहे से नीलम पार्क, लिली टॉकीज, पुलिस 7 वीं वाहिनी रोड होते हुए खटलापुरा मंदिर तक एक कलश यात्रा के रूप में आयोजित होकर सभा में तब्दील होगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार इंदौर में भी बेटियां और शहर के नागरिक वल्लभ नगर, राजकुमार ब्रिज होते हुए जंजीर वाला चौराहे पर पहुंचेंगे, वहां भी यह आयोजन सभा में तब्दील होगा।

श्रीमती श्रीनेत ने कहा कि अबकी दीवाली-किसान वाली, बेटियों वाली, बच्चों वाली, मुफ्त बिजली वाली, सेहत वाली, पुरानी पेंशन वाली, युवाओं, पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों वाली होगी। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भोपाल और इंदौर के इन आयोजनों में कांग्रेस महासचिव और प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्षा सुश्री नेटा डिसूजा, राष्ट्रीय प्रवक्ता और आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुश्री सुप्रिया श्रीनेत, जिला शहर कांग्रेस कमेटी भोपाल के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, कांग्रेस नेता संजीव सक्सेना। इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्डा, कांग्रेस नेता पंकज संघवी सहित दोनों शहरों के प्रमुख नेता शामिल होंगे।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई धनतेरस की पूजा

# प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की



**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ धनतेरस पूजन कर प्रदेश के सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता के.के. शर्मा, प्रेम शुक्ला, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, पर्यटन विकास निगम अध्यक्ष विनोद गोटिया, राजेन्द्र सिंह राजपूत, माधव सिंह दांगी, सुरजीत सिंह चौहान, उमाकांत दीक्षित, श्रीमती श्वेता त्यागी सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

पीड़ित परिवारों के जीवन यापन के लिए राहत सामग्री रवाना

# नेपाल में भूकंप पीड़ितों के लिए पतंजलि बना सहारा



**हरिद्वार, देशबन्धु।** नेपाल के विनाशकारी भूकंप में सैकड़ों लोगों की जीवनलीला समाप्त हो गई परन्तु इस प्राकृतिक आपदा के कारण जिनका जीवन संघर्षमय हो गया है उनके लिए तो हम कुछ कर ही सकते हैं। हमें आपदा पीड़ितों के लिए आगे आना चाहिए और यथा सम्भव सहयोग करना चाहिए। इसी भाव से पतंजलि आपदा के समय नेपालवासियों का सहारा बनकर सामने आया है। पतंजलि के द्वारा नेपाल में भूकंप पीड़ितों के सहायतार्थ जरूरी सामान तथा खाद्य सामग्री लेकर आठ ट्रक रवाना किए गए हैं। पदार्था स्थित पतंजलि फूड पार्क से पतंजलि के संस्थापक अध्यक्ष स्वामी रामदेव जी महाराज तथा महामंत्री आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने झण्डी दिखाकर ट्रकों को रवाना किया।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव जी महाराज ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में पतंजलि पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि पहले भी प्राकृतिक आपदाओं के समय पतंजलि मानवता की सेवा के लिए सामने आया है। बिहार बाढ़, पूर्व में नेपाल भूकंप, केदारनाथ आपदा आदि प्राकृतिक आपदाओं में पतंजलि ने पीड़ितों का दर्द साझा किया है। इस अवसर पर आचार्य जी ने कहा कि आपदा के समय सबसे बड़ी चुनौती पीड़ितों के जीवन यापन हेतु दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति कराना होती है। पतंजलि इस संकट की घड़ी में नेपाल के भूकंप पीड़ितों का सहारा बना है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि पतंजलि ने लगभग 50 टन राहत सामग्री के रूप में टैण्ट, कम्बल, बर्तन, आटा, चावल, दालें, तेल, नमक, मसाले, साबुन, तिरपाल इत्यादि रवाना किए हैं। ज्ञात हो कि श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण जी राहत सामग्री के वितरण हेतु स्वयं नेपाल प्रवास पर हैं। उन्होंने स्वयं आपदाग्रस्त क्षेत्र में पहुँचकर पीड़ितों का हाल भी जाना।

## कांग्रेस दिव्यांगों को बनाएगी ब्रांड एम्बेसडर

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने वादा किया है कि राज्य में कांग्रेस की सरकार द्वारा दिव्यांगों के सशक्तिकरण के प्रयास किए जाने के साथ दिव्यांगों को ब्रांड एम्बेसडर बनाया जाएगा। उन्होंने एक्स पर लिखा है, मध्यप्रदेश के दिव्यांगजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाकर उन्हें सशक्तिकरण की राह पर आगे बढ़ाने के लिए मैं वचनबद्ध हूं। दिव्यांगों की खुशहाली से मध्यप्रदेश में खुशहाली आएगी।

प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गुप्ता ने लगाया आरोप, कहा-

# भाजपा ने सागर के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार किया



**सागर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष भूपेन्द्र गुप्ता पर सागर जिले के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने मध्यप्रदेश की 3 करोड़ नौजवान आबादी के रोजगार की कोई कोशिश नहीं की। श्री गुप्ता आज यहां पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। उनके साथ डॉ. संदीप सबलोक प्रदेश प्रवक्ता, आशीष ज्योतिषी, दिनेश पटेरिया प्रवक्ता, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, प्रदेश कांग्रेस सचिव सिद्धार्थ राजावत ने भी यहां स्थानीय समस्याओं को लेकर मीडिया से संवाद किया।

श्री गुप्ता ने भाजपा सरकार पर शिक्षा की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा के शासन में हजारों स्कूल बंद कर दिए गए। उन्होंने किसानों की आय दुगुनी करने वाले नारे पर भी सवाल उठाए कहा कि भाजपा ने किसानों से बड़ी संख्या में वादे किए लेकिन किसान होने के बाद भी न तो शिवराज और न ही उनकी सरकार अर्थव्यवस्था को समझ सकी। कुपोषण पर सवाल उठाते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के नौनिहाल बच्चों में कुपोषण की विकराल समस्या है, जो पहले मात्र दो-तीन जिलों तक सीमित थी आज प्रदेश की राजधानी सहित दर्जन भर जिलों में फैल चुकी है। श्री गुप्ता ने कहा कि महंगाई और अस्पतालों की चौपट व्यवस्था ने गरीबों का जीना दूभर कर दिया है। सरकारी अस्पतालों में दवा नहीं हैं, डॉक्टर नहीं प्रदेश की जनता जनस्वास्थ्य को लेकर त्रस्त है। निजी अस्पतालों में लुटने के लिए मजबूर है।



















































पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।